जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, शनिवार 25 नवम्बर, 2023



## विचार बिन्दु

**त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी**

# राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की सभी व्यवस्था पुख्ता

भाजपा और कांग्रेस में कडे मुकाबले के बीच मतदान 7 बजे से शुरू चुनावी प्रचार की भारी गहमागहमी के बाद राजस्थान विधान सभा के लिए शनिवार 25 नवम्बर 2023 को मतदान होने जा रहा है। 200 सीटों वाली राजस्थान विधानसभा की 199 सीटों पर 25 नवंबर को मतदान होगा, जबकि श्रीकरणपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी की मृत्यु होने के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया है। इससे पहले 2018 और 2013 में भी एक सीट पर चुनाव नहीं कराए गए थे।

भारत निर्वाचन आयोग ने राजस्थान में स्वतंत्र, निष्पक्ष और भय मुक्त वातावरण में मतदान की पुख्ता व्यवस्था की है। मतदान 25 नवम्बर को प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक संपन्न होगा। चुनाव में प्रदेशभर में स्थापित 51 हजार 507 मतदान केंद्रों पर 5 करोड़ 26 लाख 90 हजार 146 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। पांच साल में प्रदेश में करीब 51 लाख 42 हजार मतदाता बढ़े हैं। वहीं 18-19 साल के 22 लाख 71 हजार 647 वोटर इस चुनाव में पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने प्रदेश के समस्त मतदाताओं से अपील की है कि वे शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए अपने क्षेत्र के मतदान बूथ पर पहुंच कर अपना मतदान करें। उन्होंने कहा मतदान आपका अधिकार और कर्तव्य है। 25 नवम्बर छुट्टी का दिन नहीं, लोकतंत्र का महा पर्व है। सशक्त और और मजबूत लोकतंत्र के साथ शत प्रतिशत मतदान के लिए हम सब की सहभागिता आवश्यक है। मतदान के लिए न केवल अपने मत का प्रयोग करे, अपितु दूसरों को भी मतदान केलिए प्रेरित करें। मतदान केंद्र पर मतदाताओं की सभी सुविधाएं सुनिश्चित की गई है।

गौरतलब है लोगों का, लोगों के द्वारा, लोगों के लिए शासन, यही लोकतंत्र की परिभाषा है और इस परिभाषा को पूर्ण करने के लिए हमें जिस प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है उसे मतदान कहा जाता है। मतदान के इस पर्व को जब हम उत्सव की भांति मनाना शुरू कर दें तो जाहिर है कि इस लोकतंत्र के पर्व में हम देश के अंतिम व्यक्ति तक को जोड़ सकते हैं। मतदान को अगर लोकतंत्र की आत्मा कहा जाए तो गलत नहीं होगा। मतदाता ही सबसे मजबूत और सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करता है। भारत देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। भारत का गरीब से गरीब और सबसे अमीर व्यक्ति भी लोकतंत्र के इस महायज्ञ में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करता है।

**इस बार चुनाव आयोग द्वारा राजस्थान विधान सभा चुनाव को लोकतंत्र के महा पर्व की तरह मनाया जा रहा है। चुनावों में हमारे प्रदेश का हर एक नागरिक हिस्सा ले, इसके लिए चुनाव आयोग द्वारा कई प्रावधान किए गए हैं। इसमें आम लोगों को साथ लेकर कई अभियान शुरू किए गए हैं।**

इस बार चुनाव आयोग द्वारा राजस्थान विधान सभा चुनाव को लोकतंत्र के महा पर्व की तरह मनाया जा रहा है। चुनावों में हमारे प्रदेश का हर एक नागरिक हिस्सा ले, इसके लिए चुनाव आयोग द्वारा कई प्रावधान किए गए हैं। इसमें आम लोगों को साथ लेकर कई अभियान शुरू किए गए हैं। वोटर जागरूकता अभियान हर जगह स्कूल, कॉलेज से लेकर गांव-गांव तक पहुंच रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य है कि कोई भी मतदाता ऐसा न हो जो मतदान करने न पहुंचे। मतदान हेतु दिव्यांग जनों और वरिष्ठ बुजुर्गों के लिए घर से वोट करने की सुविधा मिली ।

मतदान के द्वारा ही हमारे समाज और राष्ट्र का भविष्य तय होता है। हम कैसा राज्य और समाज चाहते हैं, इसके लिए हमें लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करनी होगी। ये हम सब जागरूक नागरिकों का कर्तव्य भी बनता है कि हम अपने आसपास भी लोगों की जागरूक करें। लोगों में ये धारणा है कि मेरे वोट देने, न देने से क्या फर्क पड़ेगा। लोकतंत्र में हर एक वोट का मूल्य है। मतदान का लाभ सिर्फ हमें व्यक्तिगत हित को साध कर नहीं देखना चाहिए। हमें ये सोचना चाहिए कि कौन सा ऐसा राजनीतिक दल और नेता होगा जो प्रदेश को आगे ले जाने में सर्वश्रेष्ठ भूमिका निभाएगा।

भारतीय राजनीति के लिहाज से 2024 का साल काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। इस साल लोकसभा चुनाव होने वाला है। पांच राज्यों की विधानसभा चुनावों के परिणाम का सीधा असर देश की राजनीतिक सियासत पर पड़ेगा क्योंकि 2024 की बड़ी लड़ाई से ठीक पहले इन चुनाव नतीजों से देश के लोगों के मूड का पता चल जाएगा। 2023 में बह रही बयार अगले साल आने वाली आंधी की आहट का एहसास करा देगी। राजस्थान विधान सभा चुनाव जीतने के लिए सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा ने अपने सभी संसाधन झोक दिए। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को विश्वास है इस चनाव में जनता ने कांग्रेस को फिर से सत्ता में लाने का मन बना लिया है।

हम जो 7 गारंटी देने जा रहे, उनका भी जनता को भरपूर फायदा मिलेगा। इसके मुकाबले प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने मोदी गारंटी की घोषणा करते हुए कहा राजस्थान में सत्ता परिवर्तन के लिए मतदाताओं में इतना असीम उत्साह देखकर मैं बहुत ही अभिभूत हूं। मोदी की रैलियों, सभाओं और रोड शो में उमड़ी भारी भीड़ से भाजपा गदगद है। मोदी ने कहा–'जहां कांग्रेस से उम्मीद खत्म होती है, वहां मोदी की गारंटी शुरू होती है।' जिसने भी गरीबों को लूटा है उसे छोड़ा नहीं जाएगा। इस चुनाव में भाजपा की और से जहाँ प्रधान मंत्री मोदी ने मुख्य रूप से प्रचार-प्रसार की कमान संभाली वहीं सहयोगी के रूप में गृह मंत्री अमित शाह और योगी आदित्यनाथ ने भी रैलियों को सम्बोधित किया। कांग्रेस की और से गहलोत के अलावा राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, राहुल गाँधी और प्रियंका ने मुख्य रूप से स्टार प्रचारक के रूप में भाग लिया। मतगणना 3 दिसंबर को होंगी।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुंद ओझा**
**वरिष्ठ लेखक और पत्रकार**

## राशिफल शनिवार 25 नवम्बर, 2023



**पंडित अनिल शर्मा**

कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2080, अश्विनी नक्षत्र दिन 2:56 तक, वारियान योग रात्रि 3:52 तक, तैतिल करण सांय 5:23 तक, चन्द्रमा मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-मेष, मंगल-वृश्चिक, बुध-वृश्चिक, गुरू-मेष, शुक्र-कन्या, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज रवियोग दिन 2:56 से आरम्भ होगा। आज शनि प्रदोष व्रत, राधा वल्लभ पाटोत्सव, मास शिवरात्रि, वैकुण्ठ चतुरदशी उपवास भरणी दीपम है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 8:17 से 9:36 तक, चर 12:14 से 1:33 तक, लाभ-अमृत 1:33 से 4:11 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:58, सूर्यास्त 5:29

**मेष**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। व्यक्तिगत परेशानियों से राहत मिलेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों से आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं। समय खराब हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों के संबंध में सोच-विचार हो सकता है। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है।

**सिंह**
घर-परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**कन्या**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। यात्रा में दुर्घटना का भय बना रहेगा।

**तुला**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बना रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।


**धनु**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जा सकते हैं।

**मकर**
घर-परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

# सकारात्मक सोच के साथ मताधिकार का उपयोग जरुरी



डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**पांच** साल में एक बार मिलने वाले अवसर को नकारात्मक सोच या गैरजिम्मेदारी से खो देना किसी भी हालात में उचित नहीं माना जा सकता। लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करके अपनी आहुति देने का अवसर मिलता है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या फिर लापरवाही के कारण मतदान नहीं करना किसी अक्षम्य अपराध से कम नहीं कहा जा सकता है। वर्तमान सिनेरियों में नोटा प्रयोग भी मंथन का विषय होना चाहिए। नोटा के प्रवधान को लेकर पक्ष विपक्ष में अनेक तर्क दिए जा सकते हैं पर समय आ गया है कि उस पर बड़ी बहस हो और उसको अधिक प्रभावी या कारगर बनाने के प्रावधान किये जाये। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मतदान को लेकर की गई टिप्पणी भी इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि यदि हम मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो फिर सरकार के खिलाफ किसी तरह की ग्रिवेंस करना उचित नहीं ठहराया जा सकता। कमोबेस यह सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी की भावना रही है और इससे साफ साफ संदेश हो जाता है कि सजग व जिम्मेदार नागरिक के रुप में प्रत्येक मतदाता का दायित्व हो जाता है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे। अब तो निर्वाचन आयोग ने मतदान सुविधाजनक भी बना दिया है। बुजुर्ग व दिव्याग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर प्रदान कर दिया हैं वहीं मतदाताओं के लिए जागरुकता अभियान से लेकर निष्पक्ष चुनाव के लिए कारगर कदम उठाये जाने लगे हैं।

भले ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ईवीएम में नोटा यानी कि नन ऑफ द अवोव का प्रावधान कर दिया गया हो पर एक जागरुक व जिम्मेदार मतदाता के लिए नोटा के प्रयोग को समझदारी भरा निर्णय नही माना जा सकता। कारण साफ है नोटा का बटन दबाकर अपनी भावना तो व्यक्त कर सकते हैं पर उसका इस मायने में कोई अर्थ नहीं रहता कि किसी की जीत हार में उसका असर नहीं पडता। राजस्थान के ही 2013 और 2018 के विधानसभा चुनावों का विश्लेषण किया जाए तो सा। हो जाता है कि 2013 के विधान सभा चुनावों में 4 करोड़ 8 लाख से अधिक मतदाताओं में से 5 लाख 89 हजार से कुछ अधिक यानी कि केवल 1.92 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का प्रयोग किया। इसी तरह से 2018 के विधान सभा चुनावों का विश्लेषण किया जाए तो 4 करोड़77 लाख से कुछ अधिक मतदाताओं में से 4 लाख 67 हजार से कुछ अधिक यानी कि 1.3 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाकर विरोध दर्शाया। अब एक और 2018 में नोटा प्रयोग में कमी आई है तो इसके साथ ही नोटा अपने आप में नकारात्मकता को दर्शाता है। हांलाकि आपने नोटा का प्रयोग कर यह संदेश दे दिया कि आपकी नजर में कोई भी उम्मीद्वार खरा नहीं उतर रहा पर सोचने वाली बात यह भी है कि इनमें से कोई एक उम्मीद्वार ही विजयी होगा। आपका नोटा का बटन जीत हार के अंतर को तो कम कर सकता है पर लोकतंत्र में मताधिकार का जो महत्व होता है वह पूरा नहीं होता दिखता। नोटा के प्रयोग के स्थान पर उपलब्ध विकल्पों में से ही किसी एक को चुनना ज्यादा बेहतर माना जा सकता है। हांलाकि एक समय था जब कई बूथों पर विरोध स्वरुप मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय कर लिया जाता था या फिर लोगों द्वारा उपलब्ध उम्मीद्वारों में किसी को भी मत देने योग्य नहीं समझने के कारण विरोध का मत यानी कि नोटा के प्रयोग की मांग की जाती रही। नोटा का परिणाम प्रभावी तरीके से राइट टू रिजेक्ट होता तो अधिक कारगर होता।

तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में उसकी कारगरता के अभाव के कारण नोटा के प्रावधान को हटाया जा चुका है। यों कहे कि कई देशों में नोटा के प्रावधानों को कारगर नहीं पाने के कारण हटा दिया गया है। अमेरिका की ही बात करें तो वहां नोटा का प्रावधान रहा है पर 2000 आते आते उसे हटा दिया गया। इसी तरह से रुस ने 2006 और पाकिस्तान में 2013 में नोटा प्रावधान को हटाया जा चुका है। देश के प्रबुद्ध नागरिकों, वुद्धिजीवियों, राजनीतिक विश्लेषकों, कानूनविद्ों को नोटा को लेकर गंभीर बहस छेड़नी होगी जिससे नोटा को वास्तव में चुनावों में हथियार के रुप में उपयोग किया जा सके। आज की तारीख में बात करें तो नोटा केवल और केवल आपके विरोध को दर्ज कराने तक ही सीमित माना जा सकता है।

एक दूसरी बात और जिस पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। आजादी के 75 साल बाद और दुनिया की सबसे बेहतरीन चुनाव व्यवस्था के बावजूद मतदान प्रतिशत 90 से 100 प्रतिशत के आंकड़ें को नहीं छूना चिंता का विषय है। आज हालात बदल चुके हैं। कोई भी किसी को मतदान के अधिकार से जोर जबरदस्ती या अन्य कारण से रोक नहीं सकता। भारतीय चुनाव आयेग की निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था को सारी दुनिया द्वारा सराहा जाता है और लोहा मानते हैं। इस सबके बावजूद मतदान का प्रतिशत कम होना गंभीर है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या मतदान नहीं करना जिम्मेदार मतदाता का काम नहीं हो सकता। पांच साल में एक बार आने वाले इस अवसर का उपयोग सकारात्मक सोच व उपलब्ध विकल्पों के आधार पर ही बेहतर तरीके से किया जा सकता है। इसलिए मतदान को अपना कर्तव्य समझ कर घर से बाहर निकलें और मताधिकार का उपयोग अवश्य करें यह सभी मतदाताओं के दिलोदिमाग में होना चाहिए।

**–डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,**
**( वरिष्ठ लेखक )**

# जनता-जनार्दन के दिन आज समाप्त



डॉ. राजेन्द्र जोशी

**सक्रियता** और प्रबंधन सुबह से शाम तक जनता-जनार्दन के बीच बने रहना, आवरण से मुक्त होकर पांच बरस का हिसाब देना। सावचेती से बीच बाजार खुद झोंक देना, झोली फैलाकर डमरू बजाना। ऐसी दिनचर्या चुनाव के बाद क्यों नहीं बनी रहती। थकावट नहीं होती, परेशानी नहीं है, सुरक्षा की भी चिंता नहीं है। जहां जो बुलाए वहां पहले जाना और बिन बुलाए मेहमान भी बन कर चले जाना। यह सब खेल खुद के चुनाव के लिए रहता है ना कि किसी राजनैतिक पार्टी या अन्य उम्मीदवार के लिए। राजनैतिक पार्टियों के उम्मीदवार क्या इतनी ही सक्रियता लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी के उम्मीदवार के लिए दिखाएंगे।

सिंबल तो उम्मीदवार को साथ लेकर चलता है, अब सभी उम्मीदवारों की सक्रियता समाप्त हो गई, परिणाम का इंतजार है, परिणाम की सूचना देने जनता में उम्मीदवार नहीं जाता, बल्कि जनता उसे परिणाम बताने जाती है। अब मतदाता नेताओ के दरबार में लाइन लगाए पांच साल खड़ी रहेगी। जनता के लिए दस दिन आज समाप्त ।

चुनाव धीरे-धीरे व्यक्तिवादी होता जा रहा है। एक समय था जब राजनैतिक पार्टियों के कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी समझ कर पार्टी के उम्मीदवार को जिताने के लिए सक्रिय रहते थे, ऐसी स्थिति में केन्द्र और राज्यों में संबंधित दल का प्रदर्शन भी अच्छा रहता था। बदलते दौर में सबसे बड़ी समस्या यही है कि लोकसभा चुनाव के दौरान विधानसभा, नगर परिषद एवं जिला परिषदों में रहे प्रत्याशी की सक्रियता नहीं रहने से केन्द्र में पार्टियां पिछड़ती जा रही है। राजनैतिक पार्टियां इस पर ध्यान नहीं देती।

आज हो रहे विधानसभा चुनाव में सभी प्रदेशवासियों की नजर परिणाम घोषित होने से पहले अपने-अपने कयासों एवं गणित बिठाकर चलेगे।

**लेखक हिन्दी- राजस्थानी के साहित्यकार है।**

**– राजेन्द्र जोशी,**
**कवि-कथाकार**

## हरिद्वार-बाड़मेर स्पेशल ट्रेन कल से

**जोधपुर,** (कासं)। हरिद्वार की यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन द्वारा बाड़मेर से हरिद्वार के बीच डेगाना-रतनगढ़ के रास्ते 26 नवंबर को विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा ने बताया कि ट्रेन 04833,बाड़मेर-हरिद्वार स्पेशल ट्रेन बाड़मेर से 26 नवंबर को सुबह 5 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 3 बजे हरिद्वार पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि वापसी में ट्रेन 04834, हरिद्वार-बाड़मेर स्पेशल ट्रेन 27 नवंबर को हरिद्वार से सायं 7.30 बजे रवाना होकर अगले दिन सायं 5.40 बजे बाड़मेर पहुंच जाएगी।

# सांभर में लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए सरकारों ने अनदेखी की

## रोजगार के लिए हजारों लोग रोजाना जयपुर-अजमेर कर रहे हैं अप-डाउन

**■ वहीं लोगों को कई मूलभूत सुविधायें भी नहीं मिल पा रही है**

**सांभरझील,** (निसं)। फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के सांभर उपखंड मुख्यालय पर इंडस्ट्रियल स्थापित कर लोगों को सुलभ रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए बीते 70 वर्षों में जितनी भी सरकारें आई उनकी ओर से इस दिशा में अनदेखी की गई है। रोजगार के लिए हजारों लोग रोजाना जयपुर-अजमेर अप-डाउन करते हैं।

सांभर को औद्योगिक नगरी का दर्जा दिलाना तो दूर उप जिला सांभर को जिला घोषित करवाने में नाकाम रहे विधायकों की कमजोरी फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के लिए दुर्भाग्य साबित हुई है। रोजगार के अभाव में बीते कई दशकों में सांभर से अब तक हजारों लोग अपने खुद के व परिवार के सुनहरे भविष्य को संवारने के लिए अन्यत्र शिफ्ट हो चुके हैं। उद्योग धंधों के अभाव के कारण सैकड़ों गरीब परिवारों की महिलाएं भी नावा, राजास आदि क्षेत्रों में नमक का काम करने के भोर होते ही घर से निकल जाती है। पर्यटन नगरी का दर्जा तो मिला लेकिन पर्यटन जैसा यहां माहौल बनाने में जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संस्थाओं की भूमिका भी शून्य ही रही। पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर भी यहां के धार्मिक तीर्थ स्थलों, लावणीय झील में विचरण करते खूबसूरत पक्षियों की तस्वीरें, प्राचीन इमारतें के फोटोस सांभर के इतिहास को भली-भांति से दर्शित तो करते हैं लेकिन धरातल पर सब कुछ उल्टा-पुल्टा है। चिकित्सा क्षेत्र की सुविधाएं जिला स्तर की अभी तक उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

सांभर से अजमेर व सांभर से सीकर के अलावा शाकंभरी माता मंदिर जाने के लिए राजस्थान रोडवेज की तरफ से बस उपलब्ध नहीं है, एक दो बस के अलावा आने-जाने का कोई साधन नहीं है जो पूरी तरह से अपर्याप्त है। उपखंड मुख्यालय पर सफाई की व्यवस्था ऐसी कि बाहर से कोई देशी विदेशी आ जाए तो देखकर के सोचने पर मजबूर हो जाएगा कि क्या मैं वाकई में पर्यटन नगरी में आ गया हूं। इसके अलावा एजुकेशन में भी सांभर उपखंड मुख्यालय पर कॉलेज के बाद दूसरा कोई विकल्प नहीं है। लिहाजा यहां के हजारों अभिभावक अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए उन्हें जयपुर, अजमेर अथवा अन्य जगहों पर भेजने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। रेल मार्ग से सांभर से जयपुर व जयपुर से सांभर के लिए कुछ ट्रेनों के ठहराव की सुविधा अभी तक नहीं हो पाना सैकड़ों मुसाफिरों के लिए दुखदाई बना हुआ है। भूमिगत विद्युत लाईन का कार्य पेंडिग है। सीवरेज लाइन के लिए कोई खाका तैयार नहीं किया गया है। सड़कों की हालत खस्ता है। यहां के चुने हुए जनप्रतिनिधि अपनी भूमिका सही प्रकार से अदा नहीं कर रहे हैं। विकास करवाने की दिशा में यहां का व्यापारिक संगठन भी सुस्त पड़ा है। कर्मियों का ठीकरा एक दूसरे पर फोड़ने में यहां का युवा वर्ग पूरी तरह से सोशल मीडिया पर बिजी है।

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात जवान की हादसे में मौत

**कोटपूतली,** (निसं)। भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा चौकी पर तैनात निकटवर्ती ग्राम खेड़ा भोजावास निवासी बीएसएफ कानि. मनमोहन सिंह तंवर (34) का निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तंवर बंगाल स्थित बांग्लादेश सीमा चौकी पर गत 22 नवम्बर को ड्यूटी के दौरान एक दुर्घटना में घायल हो गये थे। जिसके बाद उनका निधन हो गया। मृतक कानि. तंवर की पार्थिव देह उनके पैतृक ग्राम खेड़ा भोजावास लाई गई। जहां शुक्रवार को उनका सैन्य व राजकीय सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार किया गया।



मृतक कानि. मनमोहन सिंह तंवर

**■ मृतक कानि. का ग्राम खेड़ा भोजावास में अन्तिम संस्कार किया गया**

बीएसएफ सूत्रों के अनुसार दुर्घटना में घायल होने के बाद सिर से अत्यधिक खून बहने से उनकी मौत हो गई। तंवर वर्ष 2013 में बीएसएफ में भर्ती हुये थे। शुक्रवार को ग्राम भोजावास में हुई अंत्येष्टि में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ अनेक जनप्रतिनिधि एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी शामिल हुए। मृतक जवान को उनके बड़े बेटे भावेश ने मुखाग्नि दी। जवान की पार्थिव देह भारत-बांग्लादेश बॉर्डर से दिल्ली तक वायु मार्ग से एवं दिल्ली से शुक्रवार को सड़क मार्ग द्वारा खेड़ा भोजावास लाया गया। जहां टोडी बस स्टैण्ड से बड़ी संख्या में ग्रामीण व युवाओं ने भारतमाता के जयकारे लगाते हुए पार्थिव देह अंतिम यात्रा निकाली। युवाओं ने भारत माता की जय, मनमोहन सिंह तंवर अमर रहे व जब तक सूरज चांद रहेगा, मनमोहन तेरा नाम रहेगा जैसे नारे लगाए। बीएसएफ टुकड़ी ने अंतिम सलामी दी।

इससे पूर्व मनमोहन के निधन की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। इस दौरान अंत्येष्टि क्रिया में कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह यादव, भाजपा प्रत्याशी हंसराज पटेल, निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश गोयल, जजपा प्रत्याशी रामनिवास यादव समेत सरूण्ड एसएचओ राजेश यादव एवं अन्य अधिकारी भी शामिल हुये।

# चंबल-पांचना-जगर लिफ्ट परियोजना 18 वर्ष में नहीं हुई पूरी

**■ 44 किलोमीटर नहरी क्षेत्र 15 वर्षों से सूखा, 2005 से परियोजना को लेकर उठ रही मांग**

**हिण्डौन सिटी,** (कासं)। विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी मांग चंबल-पांचना-जगर लिफ्ट परियोजना 18 वर्षों में पूरी नहीं हो पाई है। चुनावों में चंबल-पांचना-जगर लिफ्ट परियोजना को लेकर कई बार सियासी रंग चढ़ाकर वादे किए। वर्ष 2023-24 में आखिरी बजट में मात्र 20 करोड़ का बजट रखा गया। सामाजिक कार्यकर्ता और जगरोटी क्षेत्र निवासी नाहर सिंह डागुर ने कहा कि मानसून की कमजोर स्थिति के कारण जगर बांध की 44 किलोमीटर नहरी क्षेत्र 15 वर्षों से सूखा पड़ा है। जिसके कारण किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है।

इसी प्रकार चंबल-पांचना-जगर लिफ्ट परियोजना की मांग कर रहे समिति के महामंत्री भरत सिंह डागुर का कहना है कि वर्ष 2005 से इस परियोजना की मांग चल रही है। वर्ष 2007 में डीपीआर भी तैयार किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2008-2009 में 18 दिनों तक किसानों ने आंदोलन किया। जिसमें तत्कालीन राज्य सरकार के साथ किसान संघर्ष समिति की वार्ता भी हुई। हालांकि मामला ठंडे बस्ते में है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान क्षेत्र के मुख्य मुद्दे शामिल नहीं होते। पिछले 15 वर्षों में हिंडौन और टोडाभीम क्षेत्र में मानूसन के दौरान 300 से 500 एमएम बारिश होने के कारण नलकूप भी सूख रहे हैं। भूजल स्तर गिर रहा है। कृषि एक्सपर्ट का कहना है कि क्षेत्र में परियोजना के माध्यम से पानी की आवक होती है तो सूखे बांध और नदियों के आसपास भी जलस्त्रोत बढ़ेगा।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में 27 जोड़ों ने एक-दूसरे का दामन थामा

**■ विवाह कार्यक्रम गायत्री परिवार की कार्यकर्ता द्वारा संपन्न कराया गया**

**जोधपुर/पाली,** (नि.सं.)। रांकावत वैष्णव ब्राह्मण समाज जोधपुर का दसवां सामूहिक विवाह सम्मेलन गुरुवार को स्काउट गाइड मैदान में धूमधाम से संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह में 27 जोड़ों ने एक-दूसरे का दामन थामा। जहां सुबह से ही हजारों समाज बंधुओं का मेला से लग रहा है। विवाह कार्यक्रम गायत्री परिवार की कार्यकर्ता द्वारा संपन्न कराया गया।

जानकारी के अनुसार दोपहर में संस्था की ओर से दानदाता सम्मान कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सभी को दुपट्टा पहनाकर साफा माला मोमेंट तो देकर सम्मानित किया। रांकावत समाज विवाह संस्था के आयोजक श्याम गोयल, जमुना प्रसाद पेशवा, राजेंद्र गोयल, रामचंद्र गोयल, बालकिशन, पवन पेशवा धर्मेंद्र मोरध्वज, प्रेम चासता, मुकेश शर्मा, टीम का भरपूर सहयोग रहा। वहीं सामूहिक विवाह महाप्रसादी के लाभार्थी गुरुरिया परिवार का स्वागत किया। अतिथिगण में अखिल भारतीय अध्यक्ष अखिल प्रकाश कोटेचा, पूर्व अध्यक्ष मुकेश के व्यास, रामदास बिरामी, चैन दास बोराणा, मदनजी सिंदरू, फुआ लाल रानी, कमल किशोर ब्यावर, मांगीलाल बोराणा आदि का स्वागत किया।

ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

**Rajput Valor and Legacy in World Wars Unveiled on Remembrance Day of Canada**

Rajput regiments, Jodhpur Lancers secured Haifa, Israel and the benevolence of Jam Sahab providing shelter, fortifying diplomatic ties between India-Israel and Canada

**Who Invented the Microwave, and How**



*अजीब से दिखने वाले स्तनपायी जीव ताकिन एल्पाइन व एशिया के पहाड़ों की घाटियों में विचरण करते हैं। विभाजित खुरों के कारण इन जीवों को खड़ी चढ़ाई व ऊबड़-खाबड़ भागों में चलने में मदद मिलती है। भूटान, म्यानमार, उत्तरी भारत, तिब्बत, सैन्ट्रल व दक्षिणी चीन में पाए जाने वाले ताकिन की चार उपप्राजतियां हैं। भूटान ताकिन, गोल्डन ताकिन, मिशमी ताकिन और शिचुआन ताकिन। ताकिन मौसम के अनुसार उपलब्ध पेड़ पौधों की पत्तियां खाते हैं। हिरण जैसी नाक, छोटी मजबूत टांगें व मजबूत शरीर वाले ताकिन के सींग विल्डबीस्ट जैसे होते हैं। हरेक उपप्रजाति का फर अलग होता है पर सबसे सुंदर फर गोल्डन ताकिन का है। नाम के अनुरुप इनका फर सुनहरे रंग का होता है। ताकिन का उल्लेख लोककथाओं में भी मिलता है। समझा जाता है कि, ग्रीक पौराणिक कथाओं का गोल्डन फ्लीस (भेड़ का ऊन) इन्हीं से प्रेरित है। ताकिन पहाड़ी भागों में रहते हैं और भोजन की तलाश में ऊपर-नीचे चढ़ते -उतरते रहते हैं। गर्मी में जब भोजन पर्याप्त होता है उस समय ये प्रजनन करते हैं। उस समय ताकिन के एक झुण्ड में 300 तक सदस्य होते हैं पर सर्दी में ये जानवर 15 से 30 सदस्यों के छोटे समूहों में बंट जाते हैं। नर अपने पैरों, छाती व चेहरे पर अपने मूत्र का छिड़काव करते हैं जो उनके दबदबे का संकेत होता है। मजबूत भारी शरीर के कारण इन्हें परभक्षी का खतरा कम होता है। स्नोलैपर्ड अवश्य ताकिन के बच्चों का शिकार करते हैं और लैपर्ड, टाइगर, भेड़िये एशियाई काला भालू यदा कदा ताकिन पर हमला कर देते हैं। खतरा भांपते ही ताकिन खांसी जैसी आवाज़ निकालकर झुंड को चेतावनी देते हैं जिससे सभी सदस्य छुप जाते हैं। इन्टरनैशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर के अनुसार इसकी सभी उपप्रजातियां बेहतरीन हैं और हालिया रिसर्च के अनुसार, इनकी रेंज, जितनी सोची गई थी उससे छोटी हो सकती है।*

# ...ताकि अपाहिजों के प्रति हमदर्दी खत्म न हो जाये जनता में!

**-विशेष प्रतिनिधि द्वारा-**

- **चुनाव की पूर्व संध्या पर गहलोत ने बड़ी लोक लुभावन ''रियायतें'' बांटी हैं, जिनका मकसद अगर वोट बटोरना मात्र है तो यह गरीब दलित और पिछड़ों का उपहास है।**
- **लगता भी यही है कि, रियायतें सिर्फ चुनावी मकसद से दी गई हैं, क्योंकि चुनाव से मात्र कुछ माह पहले आनन-फानन में योजनाएं शुरू कर दी गईं, जबकि पर्याप्त बजट नहीं है।**
- **अगर यही प्रवृति जारी रही तो, जनता का विश्वास सरकार के वादों व नारों से उठ जाएगा जो लोकतंत्र के लिए बड़ी हानि होगा।**

जयपुर, 24 नवम्बर। बचपन में एक कहानी पढ़ी थी, एक व्यक्ति के पास बहुत सुन्दर घोड़ी थी, जिस पर सवार होकर वह पूरे गांव में इतराते हुए निकलता था। एक ईर्षालु के मन में उस घोड़ी को हथियाने की बलवती इच्छा जागृत हुई। योजनाबद्ध तरीके से, एक अपाहिज का वेश धारण कर वह व्यक्ति, उस रास्ते पर निकल पड़ा जहाँ से घोड़ी का मालिक निकलने वाला था। उस ''अपाहिज'' ने आवाज देकर घुड़ सवार को रोका और कहा, ''मेरी एक टांग नहीं है, मैं बहुत दूर से बैसाखी के सहारे चलता हुआ आ रहा हूँ, थक गया हूँ, कुछ देर तुम्हारी घोड़ी पर बैठ कर चल लूँ, तो बहुत आराम मिलेगा। तुम्हें दिल से आशीष दूंगा।''

मलिक ने उसकी दयनीय स्थिति देखकर उसका आग्रह स्वीकार कर लिया और ''अपाहिज'' को घोड़ी पर चढ़ा दिया। घोड़ी पर सवार होते ही अपाहिज ने अपना अपाहिज का वेश त्यागा और घोड़ी को सरपट दौड़ा कर ले जाने लगा। मालिक ने आवाज देकर उसको रोका और कहा, ''मेरा भी एक आग्रह सुनते जाओ। जो भी तुमसे पूछे यह घोड़ी तुम्हारे पास कैसे आयी, तो सच्चा किस्सा उन्हें कभी मत बताना, कहना कि, घोड़ी के मालिक ने मित्रता वश यह घोड़ी मुझे दी है। कोई भी मुझसे पूछेगा तो, मैं भी यही जवाब दूंगा। क्योंकि जनता को अगर सही किस्सा मालूम हुआ तो जनता के मन में अपाहिजों के प्रति सहानुभूति खत्म हो जाएगी, अपाहिजों के प्रति विश्वास टूट जायेगा।''

शर्मिन्दा होकर ''अपाहिज'' ने मालिक को उसकी घोड़ी लौटा दी।

कुछ ऐसी ही कथा शिव पार्वती के बारे में कही जाती है। राम से युद्ध के समय रावण की आत्मा जीवन व मृत्यु के बीच झूल रही थी, बैचेन। वे चाहते थे उनके अराध्य भगवान शिव, जिनकी उन्होंने जीवन भर कठोर जप, तप, से पूजा की थी, उन्हें दर्शन दें और उन्हें मुक्ति दिलवायें। पर, भगवान शिव, रावण की सारी कोशिशों के बावजूद उसकी दोनों इच्छाओं की पूर्ती के लिये तैयार नहीं हुए। पार्वती के बहुत पूछने पर, अन्ततोगत्वा शिवजी ने कारण बताया कि, ''रावण ने एक साधु का वेश धारण कर सीता का अपहरण किया था। यह एक अक्षम्य अपराध है, मैं उसे कभी क्षमा नहीं कर सकता। समाज में साधु की एक बड़ी पूज्य, प्रतिष्ठा है, वो क्षुधा तृप्ति के लिये, घर-घर जाकर, घर की मालकिन (गृहणी) से भिक्षा लेते हैं और गृहणी भी निर्भीक भाव से उसको भिक्षा देती है, उसका साधु के प्रति अटूट विश्वास व श्रद्धा है। रावण ने गृहणियों के इस विश्वास को भारी चोट पहुंचाई है, साधु के रूप में गृहणी सीता का अपहरण करके। मैं उसे कैसे क्षमा कर सकता हूँ, और मुक्ति पाने में कैसे मदद कर सकता हूँ।''

पैलेस ऑन व्हील्स पर मेरे एक सहयात्री ने भी ऐसा ही एक किस्सा सुनाया। फ्रांस में पैलेस ऑन व्हील्स जैसी एक लग्ज़री ट्रेन पर एक अमेरिकी यात्री सफर कर रहा था, उसने बड़ी महंगी ''वाइन'' का ऑर्डर दिया वेटर को। वेटर कुछ हिचकिचाहट के बाद ''वाइन'' लेकर आया और अमेरिकी यात्री ने वाइन की कीमत से कई गुना अधिक बड़ा नोट उसे पैमेन्ट के रूप में थमाया। वेटर ने कहा, अब मेरी ड्यूटी खत्म हो रही है, नया वेटर आकर आपसे पैमेन्ट ले लेगा अगले स्टॉप पर। पर अमेरिकी यात्री ने दबाव डाल कर वेटर को बड़ा नोट लेने के लिये मजबूर किया। अगला स्टॉप आकर चला गया, पर, वेटर नहीं आया। दूसरे स्टॉप पर वेटर भागता हुआ डिब्बे में आया और वह सिविलन ड्रेस में था, क्योंकि उसकी ड्यूटी खत्म हो चुकी थी।

उसने अमेरिकी यात्री से कहा, ''मैं इस हड़बड़ी में इसलिये आया क्योंकि मैं एक विदेशी अमेरिकी टूरिस्ट पर यह

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# संजीवनी केस में राज्य सरकार को तगड़ा झटका और गजेन्द्र सिंह को बड़ी राहत

## राजस्थान हाई कोर्ट ने एस.ओ.जी. को कड़ी फटकार लगाई तथा चार्जशीट फाइल करने पर रोक लगा दी

जोधपुर/जयपुर 24 नवंबर (का.सं.)। संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी केस में राजस्थान हाईकोर्ट ने स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एस.ओ.जी.) को कड़ी फटकार लगाई तथा चार्जशीट फाइल करने पर

- **इस केस में हाई कोर्ट ने गजेन्द्र सिंह की गिरफ्तारी पर 13 अप्रैल को ही रोक लगा दी थी।**
- **शुक्रवार को हुई सुनवाई में हाई कोर्ट में शेखावत के वकील ने कहा कि, एस.ओ.जी. (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) ने अगस्त 2019 में केस दर्ज किया था पर जांच अभी तक चल रही है, शेखावत का नाम ना तो अभियुक्तों में शामिल है और ना ही उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया।**
- **शेखावत के अधिवक्ता ने कहा कि, उनके मुवक्किल का नाम सिर्फ राजनैतिक द्वेष के कारण शामिल किया गया है, सरकार उन्हें फंसाना चाहती है।**

रोक लगा दी है। हाईकोर्ट के इस निर्णय से जोधपुर सांसद और केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को बड़ी राहत मिली है, वहीं राजस्थान सरकार को तगड़ा झटका लगा है। इस केस में 13 अप्रैल को हाईकोर्ट ने शेखावत की गिरफ्तारी पर रोक लगाई थी।

शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान शेखावत की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता वी.आर.बाजवा ने पैरवी करते हुए कहा कि एस.ओ.जी. ने अगस्त 2019 में यह केस दर्ज किया था और साढ़े चार साल बाद भी जांच को पूरा नहीं किया है, क्योंकि राजनीतिक द्वेष के चलते राज्य सरकार शेखावत को गलत तरीके से फंसाना चाहती है। एसओजी ने कभी गजेंद्र सिंह शेखावत को पूछताछ के लिए नहीं बुलाया। न ही पूर्व में दायर चार्जशीटों में कहीं शेखावत का नाम अभियुक्तों में शामिल किया गया। बाजवा ने बताया कि हाईकोर्ट ने पूछा कि अगर शेखावत की संजीवनी केस में संलिप्तता थी तो एसओजी ने चार साल में कोई नोटिस क्यों नहीं दिया? कोर्ट ने यह भी पूछा कि फरवरी 2020 में चार्जशीट फाइल करने के तीन साल बाद फरवरी 2023 में दूसरे लोगों के खिलाफ चार्जशीट फाइल की, जबकि उसमें शेखावत या उनके परिवार के किसी सदस्य का नाम नहीं था।

बाजवा ने कोर्ट में कहा कि राजनीतिक प्रतिशोध के लिए सरकार विधानसभा चुनावों के बीच शेखावत को फंसाने का प्रयास कर रही है, जबकि इसी साल अप्रैल में राजस्थान सरकार के वकील हाईकोर्ट में यह भी कह चुके हैं कि शेखावत का किसी एफआईआर और चार्जशीट में नाम नहीं है।

गौरतलब है कि करीब 900 करोड़ रुपए के संजीवनी घोटाले में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्रीय मंत्री शेखावत पर आरोप लगाकर पूरे मामले को राजनीतिक रंग दे दिया था। शेखावत शुरू से कह रहे हैं कि साढ़े चार साल में इस प्रकरण की जांच न तो राज्य की एसओजी ने पूरी की और न ही इसे सीबीआई को सौंपा जा रहा है। मुख्यमंत्री

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

ADMISSION CLOSING SOON
B.A.-LL.B.
LL.M.
with CS/RJS
Helpline : +91-8696218218
BIYANI LAW COLLEGE (Co-Ed.)




# पायलट की अपील को री-पोस्ट किया गहलोत ने

जयपुर, 24 नवम्बर (का.प्र.)। राजस्थान में मतदान से ठीक 1 दिन पहले कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने राजस्थान की जनता के नाम पर एक अपील जारी करते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया है और इस अपील को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने सोशल मीडिया हैंडल

- **सचिन पायलट ने राज्य की जनता से कांग्रेस के पक्ष में भारी मतदान करने की अपील की है।**

एक्स पर रीपोस्ट किया है।

राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान राजस्थान की जनता यह बात देखना चाहती थी कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट क्या कभी एक साथ राजस्थान में चुनाव प्रचार करने के लिए जाएंगे, लेकिन पूरे चुनाव प्रचार के दौरान ऐसा मौका एक बार भी नहीं आया। दोनों नेता अपने-अपने स्तर पर अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में प्रचार करते नज़र आए। हालांकि राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मंचों पर जरूर दोनों नेता यदाकदा साथ नज़र आए।

इस बीच राजस्थान में चुनाव प्रचार बंद होने के बाद और मतदान से ठीक

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# शिव कुमार के खिलाफ सी.बी.आई. जांच की अनुमति वापस ली कर्नाटक सरकार ने

## उपमुख्यमंत्री डी.के. शिव कुमार के खिलाफ सी.बी.आई. जांच के लिए पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने अनुमति दी थी

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 नवम्बर। यह कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के लिए एक बड़ी राहत है। पिछली राज्य सरकार ने उनके खिलाफ लगे आय से अधिक सम्पत्ति रखने के केस को सैन्ट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वैस्टिगेशन (सी.बी.आई.) को हैण्डओवर करने का निर्णय लिया था और वर्तमान राज्य मंत्रिमण्डल ने उक्त निर्णय को विधि सम्मत ना मानते हुए वापस ले लिया है।

सी.बी.आई. को केस सुपुर्द करने का राज्य मंत्रिमण्डल ने गुरुवार को लिया, जिससे इस केस को सी.बी.आई. को सौंपने की स्वीकृति को वापस लेने के लिए एक औपचारिक सरकारी आदेश जारी किए जाने का रास्ता साफ हो गया है। कर्नाटक सरकार ने इस मामले के तकनीकी पहलू का जिक्र करते हुए कहा कि बी.एस. येदियुरप्पा

- **मौजूदा सरकार ने कहा कि, पूर्ववर्ती सरकार ने अनुमति देते समय निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया था इसीलिए अनुमति वापस ली जाती है।**

के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने सी.बी.आई. को केस हैण्डओवर करने की अनिवार्य स्वीकृति नहीं ली थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री ने केस को केन्द्रीय एजेन्सी को हैण्डओवर करने की सिर्फ एक मौखिक अनुमति दी थी, लेकिन चूंकि शिवकुमार उस वक्त एक विधायक थे, इसलिए तय प्रक्रिया के अनुसार तत्कालीन स्पीकर से अनुमति ली जानी चाहिए थी।

मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया ने कहा कि, चूंकि ऐसा नहीं किया गया, इसलिए केन्द्रीय एजेन्सी को केस हैण्डओवर करने का निर्णय विधि सम्मत ना होने के साथ ही अनुचित भी था।

वर्ष 2013-18 के दौरान 74.23 करोड़ रूपयों की आय से अधिक सम्पत्ति रखने के कथित आरोप को लेकर सी.बी.आई. वर्तमन में शिवकुमार से पूछताछ कर रही है। मंत्रिमण्डलीय मीटिंग के दौरान जब यह मुद्दा चर्चा के लिए उठा, तब शिवकुमार संयोगवश उपस्थित नहीं थे। शिवकुमार ने अपना केस खारिज करवाने के लिए कर्नाटक हाई कोर्ट की शरण ली थी, लेकिन कोर्ट ने उनकी याचिका को स्वीकार नहीं किया था।

शिवकुमार ने इसके बाद हाईकोर्ट की डिवीजन बैंच में पुनः अपील की जिसने पूर्ववर्ती आदेश व अनुमति पर जून 2023 में स्टे लगा दिया था। सी.बी.आई. ने इस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, जिसने हाईकोर्ट की

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# चिरंजीवी योजना का पैकेज चाहे 25 लाख रू. हो गया हो, पर प्रति लाभार्थी औसतन 23000 रूपए खर्च किए हैं सरकार ने

## जितना खर्च चिरंजीवी पर वर्ष 2021-22 में हुआ, लगभग उतनी ही राशि इस वर्ष विज्ञापन पर खर्च हुई

**-यादवेन्द्र शर्मा-**

जयपुर, 24 नवम्बर। गहलोत सरकार ने पिछले दो वर्ष से चिरंजीवी योजना का बड़े ही ज़ोर-शोर से प्रचार प्रसार किया है। इस योजना को सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में गिना जाता है और चुनाव प्रसार के आखिरी दिन भी राज्य सरकार ने इसी योजना के विज्ञापन जारी कर वोट मांगे हैं, पर सवाल यह है कि चुनाव के प्रचार प्रसार में इस्तेमाल की गई बातें और ज़मीनी हकीकत के बीच में कितना फासला है?

गहलोत सरकार ने चिरंजीवी योजना के तहत 25 लाख रूपए तक का इंश्योरेंश कवर देने का वादा किया है। इस योजना के तहत 1.35 करोड़ लाभार्थियों को इस योजना का फायदा मिल रहा है। पर सरकार हमेशा यह बताने से कतराती रही है कि इस योजना के लिए उन्होंने कितना बजट आवंटित किया है और कितना खर्च किया है। थकहार के यह जानकारी केंद्र सरकार की हैल्थ अश्योरेंस एजेंसी, 'द न्यू इंडिया अश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, से आर.टी.आई. के माध्यम से मांगनी पड़ी क्योंकि राज्य सरकार के संबंधित विभाग जानकारी उपलब्ध नहीं करा रहे थे। जानकारी से यह स्पष्ट ज़ाहिर है कि राज्य सरकार ने चिरंजीवी योजना के लिए न्यू इंडिया अश्योरेंस को 2300 करोड़ से कुछ अधिक प्रीमियम दिया था यानी प्रति लाभार्थी के लिए राज्य सरकार ने 2300 रूपये खर्च करे हैं। परन्तु चिरंजीवी योजना पर सरकार द्वारा किया गया खर्चा तब कम लगता है जब इसकी तुलना सरकारी योजनाओं और

- **वर्ष 2021-22 में प्राइवेट व सरकारी अस्पतालों को 981 करोड़ रूपए के ''क्लेम'' का भुगतान किया गया, जबकि इस वर्ष 820 करोड़ रूपए विज्ञापनों पर खर्च हुए।**
- **विचारणीय बात यह है कि, स्वास्थ्य सेवाओं पर जो खर्च हुआ लगभग उतनी ही राशि प्रचार-प्रसार पर खर्च हुई। क्या विज्ञापन और उपचार का बराबर का महत्व हो सकता है?**

मुख्यमंत्री की वाह-वाही के लिए जारी किए गए विज्ञापनों और होर्डिंग्स पर किए गए खर्च से की जाती है।

सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार ने संवाद के जरिए इस वर्ष करीब 350 करोड़ रूपये के विज्ञापन जारी करे हैं जिनमें होर्डिंग्स भी शामिल हैं। वहीं डी.आई.पी.आर. द्वारा 70-100 करोड़ रूपये के अतिरिक्त विज्ञापन जारी किए गए है। सरकार द्वारा डिज़ाईन बॉक्स एजेंसी की सेवाएं लेने के लिए 350-400 करोड़ रूपये और खर्च कर दिए गए हैं। यानि राज्य सरकार ने इस वर्ष करीब 800 करोड़ रूपये प्रचार-प्रसार पर खर्च किए हैं।

यहां पाठकों को बता दे कि इन विज्ञापनों की अधिकतर राशि कुछ 30-35 अखबारों, ''डिजिटल प्लैटफॉर्म्स'' और ''सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स'' पर की गई है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 1.5 महीने पहले तक सभी विज्ञापनों और होर्डिंग्स पर मुख्यमंत्री के चहरे को ही दिखाया जा रहा था। प्रचार-प्रसार और जमीनी हकीकत की तुलना इस तथ्य से भी की जा सकती है कि वर्ष 2021-22 में चिरंजीवी के तहत प्राईवेट व सरकारी अस्पतालो ने मिलकर 981 करोड़ का क्लेम का भुगतान किया था। यानी पिछले वर्ष जितना भुगतान प्राईवेट व सरकारी अस्पतालों को किया गया, लगभग उतना ही खर्चा इस वर्ष प्रचार-प्रसार पर किया गया है।

चिरंजीवी योजना में कम राशि खर्च करना राज्य सरकार की कंजूसी का एक और उदाहरण है जिस कारण से प्राईवेट अस्पताल सरकारी योजनाओं से दूर भागते हैं। आंकडों के अनुसार वर्ष 2021-22 में चिरंजीवी योजना के तहत प्राईवेट अस्पतालों के माध्यम से केवल 667 करोड़ रूपये के 'क्लेम' का भुगतान किया गया था। प्राईवेट अस्पतालों के डॉक्टरों का कहना था कि यह आंकडा कम इसलिए था क्योंकि एक तो मेडिकल पैकेजों की दरें अव्यवहारिक तरह से तय की गई थी। और इनका तय समय सीमा पर भी भुगतान नहीं होता था। प्राईवेट अस्पतालों को अपनी बात मनवाने के लिए ही राज्य सरकार 'राईट टू हैल्थ' (आर.टी.एच.) अधिनियम लेकर

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# मुंबई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई 24 नवंबर (वार्ता) महाराष्ट्र में मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा-टर्मिनल 2 को उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला है तथा इसे रोकने के एवज में बिटकॉइन में 10 लाख डॉलर की मांग की गयी है।

- **पुलिस ने बताया कि, एक ई-मेल में एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 को उड़ाने की धमकी दी गई है।**

पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद स्थानीय सहार पुलिस स्टेशन में अपराध दर्ज करने के साथ ही मुंबई पुलिस के साइबर क्राइम सेल को भी सूचित किया गया।

# 'विश्व कप जीत का श्रेय नहीं लूट पाए मोदी'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 नवम्बर। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत की शुक्रवार को जयपुर हवाई अड्डे पर अकस्मात मुलाकात हो गई और उसने जो बताया

- **कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने दावा किया कि, उन्हें भाजपा के एक नेता ने बताया कि, विश्व कप जीत का फायदा उठाने के लिए भाजपा ने मोदी के पोस्टर बैनर छपवाए थे, जो वेस्ट हो गए।**

उसे सुनकर वे हैरान रह गई।

उक्त भाजपा नेता ने सुप्रिया को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के वर्ल्ड कप वाले पोस्टर्स व होर्डिंग्स पूरे राजस्थान में लगाए जाने के लिए तैयार थे। अगर भारतीय टीम जीत जाती तो वर्तमान में

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# जयपुर के 19 विधानसभा क्षेत्रों में 50 लाख मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

## अंतिम प्रशिक्षण के बाद दल रवाना, आज सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जयपुर जिले के 19 विधानसभा क्षेत्रों में 50 लाख से ज्यादा मतदाता आज विधायक प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। जिले के 4691 बूथों पर आज सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने जिले के सभी मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी मतदाता 25 नवंबर को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षकों, जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रकाश राजपुरोहित एवं विभिन्न समन्वयक अधिकारियों की उपस्थिति में मतदानकर्मियों की रवानगी का कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वयं मतदान रवानगी स्थलों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राजपुरोहित ने विधानसभा चुनाव में नियोजित कार्मिकों को चुनाव कार्य संपूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी से कार्य संपादन के निर्देश दिये। अतिरिक जिला कलेक्टर प्रथम दिनेश कुमार शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) अशोक कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) अबू सूफियान चौहान ने भी मतदानकर्मियों से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए जयपुर जिले के सभी 19 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 4 हजार 691 में से 2 हजार 360 बूथों पर लाइव वेब कास्टिंग की जाएगी। वहीं, बूथों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए जयपुर कलेक्ट्रेट में केन्द्रीयकृत नियंत्रण कक्ष की स्थापना भी की जाएगी। जहां प्रशिक्षित कार्मिक हर बूथ की हर एक गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। जयपुर जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 8-8 महिला बूथ स्थापित किए हैं। जिनमें मतदान दल की सभी कार्मिक महिलाएं होंगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 8-8 युवा मतदाता बूथ स्थापित होंगे जिनकी कमान युवा कर्मचारियों एवं अधिकारियों के हाथों में होगी।

वहीं, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक दिव्यांग मतदाता बूथ की भी स्थापना की जाएगी जिसमें मतदान प्रक्रिया का संचालन दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा।इस प्रकार जयपुर जिले के कुल 19 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 172 महिला बूथ, 172 युवा मतदाता बूथ एवं 19 दिव्यांग बूथों की स्थापना की जाएगी।

प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन छात्र कॉलेज, जमवारामगढ़ रोड स्थित जामिया तुल हिदाया विश्वविद्यालय एवं जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज से अंतिम प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद 4 हजार 691 मतदान दल चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए अपने मतदान केन्द्र के लिए रवाना हुए। मतदान दल रवानगी से पहले चुनाव कार्य में नियोजित किये गए कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने डाक मतपत्र के जरिये मतदान किया।

भवानी निकेतन कॉलेज से प्रथम पारी में चौमूं विधानसभा क्षेत्र के लिए 228, आमेर विधानसभा क्षेत्र के लिए 274, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के लिए 253, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए 360 मतदान दल रवाना हुए, वहीं, द्वितीय पारी में विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए 283, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र के लिए 169, सिविल लाइन्स विधानसभा क्षेत्र के लिए 209 मतदान दल रवाना हुए।

जामिया तुल हिदाया विश्वविद्यालय से प्रथम पारी में कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के लिए 224, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के लिए 213, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए 226 मतदान दल रवाना हुए, तो वहीं, द्वितीय पारी में जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए 239, हवामहल विधानसभा क्षेत्र के लिए 222, बस्सी विधानसभा क्षेत्र के लिए 252 मतदान दल रवाना हुए।

इसी प्रकार राजस्थान कॉलेज से प्रथम पारी में दूदू विधानसभा क्षेत्र के लिए 270, बगरू विधानसभा क्षेत्र के लिए 315 एवं चाकसू विधानसभा क्षेत्र के लिए 236 मतदान दल रवाना हुए। वहीं, द्वितीय पारी में सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के लिए 304, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए 228 एवं मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए 186 मतदान दल रवाना हुए।

उन्होंने बताया कि 25 नवंबर को मतदान के पश्चात जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में ईवीएम एवं वीवीपैट का संग्रहण किया जाएगा। कॉमर्स कॉलेज में चौमूं, फुलेरा, चाकसू, किशनपोल, विद्याधर नगर, आमेर, विराटनगर, जमवारागढ़, बस्सी एवं शाहपुरा सहित कुल 10 विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम सामग्री का संग्रहण किया जाएगा। वहीं, राजस्थान कॉलेज में झोटवाड़ा, बगरू, दूदू, सांगानेर, आदर्श नगर, सिविल लाइन्स, मालवीय नगर, हवामहल एवं कोटपूतली सहित कुल 9 विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम का संग्रहण किया जाएगा। इस व्यवस्था के सफल संचालन के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं।

मतदान दलों की वापसी पर चुनाव वाहन मतदान दल को नियत प्रवेश द्वार पर ही उतारेंगे। उन्होंने बताया कि संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों के लिए संग्रहण स्थल पर ईवीएम जमा करवाने के लिए टोकन व्यवस्था लागू की गई है। इस व्यवस्था के अंतर्गत पीआरओ को रिटर्निंग अधिकारी की टीम द्वारा टोकन जारी किया जाएगा। जिसके बाद पीआरओ वेटिंग एरिया में अपनी बारी का इंतजार करेंगे एवं उसके पश्चात ईवीएम सामग्री जमा करवाएंगे। उन्होंने बताया कि जयपुर के गांधी सर्किल एवं कॉमर्स कॉलेज के पास झालाना डूंगरी की ओर जाने वाली सड़क के मोड पर चुनाव वाहनों के सुगम संचालन हेतु पुलिस द्वारा विशेष निगरानी की जाएगी। जेएलएन मार्ग पर किसी भी प्रकार का वाहन नहीं रुकेगा जब तक कि वे वहां निर्धारित ना हो।


लोकतंत्र के पर्व मतदान दिवस पर जयपुर जिले में निष्पक्ष मतदान करवाने के लिए शुक्रवार को भवानी निकेतन कॉलेज से पोलिंग पार्टियां रवाना हुई।



स्वेज फार्म स्थित सेल्फी प्वाइंट बूथ पर मोबाइल में सेल्फी लेती युवतियां।

- 25 नवंबर को राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में होगा ईवीएम संग्रहण
- 50 फीसदी से अधिक मतदान केन्द्रों पर होगी लाइव वेबकास्टिंग
- प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में महिला कार्मिकों के हाथ होगी 8 बूथों की कमान

# 12 वैकल्पिक दस्तावेज दिखाकर डाल सकेंगे वोट

**जयपुर** । विधानसभा आम चुनाव-2023 के लिए आगामी 25 नवम्बर को होने वाले मतदान में निर्वाचन फोटो पहचान पत्र की उपलब्धता के अभाव में भी मतदाता वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखाकर वोट डाल सकेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित कहा ने यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि 25 नवंबर को मतदान दिवस पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी परेशानी के कर सकें। जो मतदाता निर्वाचन फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेज में से कोई एक दस्तावेज दिखाना होगा। उन्होंने बताया कि 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेज में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है।

# शांतिपूर्ण मतदान की अपील की डी.जी.पी. उमेश मिश्रा ने

**जयपुर** । पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने प्रदेश के समस्त मतदाताओं से 199 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए शनिवार 25 नवंबर को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में भय-मुक्त वातावरण बनाये रखने तथा निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं स्वतंत्र मतदान सम्पन्न करवाने के लिए पुलिस द्वारा सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है।

पुलिस महानिदेशक मिश्रा ने समस्त मतदाताओं से मतदान दिवस के दिन निर्धारित समय पूर्णतः आश्वस्त एवं निर्भीक होकर निर्धारित मतदान केंद्र पर वैध मतदाता पहचान पत्र लेकर सुबह 7 से शाम 6 बजे के मध्य अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक सजग व जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने की अपील की है।

महानिदेशक ने बताया कि प्रदेश में व्यवस्थित, भय मुक्त व स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए पुलिसकर्मी, होमगार्ड्स तथा अर्ध-सैनिक बलों की 700 कंपनियां तैनात की गई है। उन्होंने बताया कि 70 हजार से अधिक पुलिसकर्मी, 18 हजार राजस्थान होमगार्ड्स, 2 हजार राजस्थान बॉर्डर होमगार्ड्स, 15 हजार अन्य राज्यों के होमगार्ड्स, आरएसी की 120 कंपनियां, केन्द्रीय अर्ध-सैनिक बल की कंपनियां एवं 18 अन्य राज्यों के सशस्त्र बल सहित कुल एक लाख 70 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मी नियोजित किए जा रहे हैं।

महानिदेशक ने बताया कि प्रदेश के समस्त 52 हजार 139 मतदान केंद्रों पर पुलिसकर्मी एवं होमगार्ड्स तैनात किए गए हैं। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर 1300 से अधिक क्विक रेस्पॉन्स टीम गश्त कर सुरक्षा एवं व्यवस्था सुनिश्चित करेंगी। अति संवेदनशील क्षेत्रों में अर्ध-सैनिक बलों की टुकडी भी अतिरिक्त स्ट्राइक फोर्स के रूप में तैनात की गई है। अवैध एवं प्रलोभन सामग्री के वितरण, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही के लिए अर्ध-सैनिक बलों फ्लाइंग स्क्वॉयड कार्य करेंगी। उन्होंने बताया कि 5 पड़ौसी राज्यों से लगने वाली अंतरराज्यीय सीमा पर स्थापित 276 चेक पोस्ट अवैध सामग्री एवं अवांछनीय व्यक्तियों के विरुद्ध कार्य करेगी।

# सिवार मोड पर बेकाबू कार पलटी, तीन लोग चोटिल

- मूर्तिकार कॉलोनी के घुमाव पर बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हादसा

**जयपुर** । सिरसी रोड इलाके में सिवाड़ मोड पर मूर्तिकार कॉलोनी घुमाव पर शुक्रवार शाम को एक तेज रफतार लग्जरी कार मोटरसाइकिल सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा पलटी। दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं कार चालक सहित तीन जने बालबाल बच गए। उन्हें सामान्य चोटें आई है। पुलिस के पहुंचने से पहले राहगीरों की मदद से कार सवारों को बाहर निकाल गया। हादसे के बाद सिरसी-बेगस रोड पर जाम लग गया। कार पलटने के सूचना पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए।

वहीं कई तमाशबीन लोग मोबाइल से विडियों बनाते भी नजर आए। जानकारी के अनुसार कार सवार युवक मुण्डियारामसर की ओर से पांच्यावाला की तरफ जा रहे थे। इस बीच मूर्तिकार कॉलोनी घुमाव पर एक बाइक सवार अचानक आ गया जिससे बचाने के चक्कर में हादसा हो गया। सूचना पर बिंदायका थाना एएसआई मोहन सिंह मय पुलिस जाप्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की सहायता से हटवाकर आधे घंटे की कडी मशक्कत के बाद यातायात सूचारू करवाया। गनीमत रही कि कार तीन-चार पलटी खाते हुए पत्थर की मूर्ति से टक्कराकर रूक गई। पास ही मूर्ति बनाने का काम कर रहे मजदूर बाल-बाल बच गए अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

# चौपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह का खुलासा

**जयपुर** । मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चौपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए वाहन चुराने वाले दो शातिर बाल अपचारियों को निरुद्ध किया गया है और उनके पास से एक लोडिंग पिकअप सहित एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपित बाल अपचारियों ने आधा दर्जन से अधिक वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूला है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) योगेश गोयल ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चौपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए वाहन चुराने वाले दो शातिर बाल अपचारियों को निरुद्ध किया गया है और उनके पास से एक लोडिंग पिकअप सहित एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित सुनसान जगहों से रैकी कर वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देते है। जो चोरी किए गए वाहनों को स्थानीय बाजार में कम दाम पर बेच देते है। आरोपी नशे के लिये चोरी की वारदात को अंजाम देते है, जो चोरी किये वाहन को कुछ दूर ले जाकर सुनसान जगहों पर छिपा देते है फिर कुछ दिनों अपने ठिकानों पर ले जाते है।

# धांधली ऐसी कि 10 दिन में बनने वाली रोड ठेकेदार ने मात्र 2 दिन में बना डाली

## भांकरोटा से मुकुंदपुरा के बीच जे.डी.ए. जोन-12 द्वारा बनाई जा रही है सड़क

**जयपुर ( कासं )**। विधानसभा चुनाव की आड़ में जेडीए के इंजीनियर्स ने सड़क बनाने वाले ठेकेदारों को खुली धांधली की छूट दे रखी है। हालत यह है कि 7 से 10 दिन में बनने वाली सड़क मात्र 2 दिन में बनकर तैयार हो रही है। इसमें ना तो डामर की मात्रा सही डाली जा रही है और ना ही पूरी मोटाई ली जा रही है। दो दिन में ही सड़क बनने से इसकी मजबूती व गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे है।

ऐसी ही एक मामला जेडीए के जोन 12 में सामने आया है। यहां भांकरोटा से मुकुंदपुरा के बीच सड़क निर्माण कार्य मंजूर हुआ था। इसमें कुछ जगह पर सड़क बिल्कुल खत्म होने से पूरी तरह से नई बननी है और कुछ जगह पर नवीनीकरण का काम होना है। नवीनीकरण में भी दो लेयर डब्लू.एम.एम.और बिटुमिन कंक्रीट की चढ़ायी जानी है। इससे पहले मिट्टी में जी.एस.बी. होना जरूरी है। करीब एक किलोमीटर की सड़क बनाने में कम से कम 7 से 10 दिन लगते हैं, लेकिन ठेकेदार ने 2 दिन में ही पूरी सड़क का डामरीकरण कर दिया।

- जानकारों की मानें तो मिट्टी पर सड़क बनाने से पहले मोरम और डब्ल्यू.एम.एम डालना जरूरी, इसके बाद बिटुमिन कंक्रीट डालकर सड़क बनाई जाती है

सड़क निर्माण के विशेषज्ञों की मानें तो मिट्टी में सड़क बनाने से पहले जी.एस.बी. डालना जरूरी होता है, जिसे "मोरम" कहा जाता है, जो मिट्टी पर पानी छिड़क कर रोलर चलाते हैं। इसके बाद डब्लू.एम.एम. और फिर बिटुमिन कंक्रीट की लेयर चढ़ाई जाती है, जो करीब 80 एम.एम. तक होती है। मोरम के गीली होने से सूखने में कम से कम 3 दिन लगते हैं। उसके बाद डब्लू.एम.एम. को सेट होने में भी 2 से 3 दिन लगते है। उसके बाद जाकर बिटुमिन कंक्रीट की लेयर चढ़ाई जाती है, तब जाकर पूरी तरह सड़क बनती है।

स्थानीय लोगों की मानें तो भांकरोटा से मुकुंदपुरा वाली सड़क बनाने में ठेकेदार को सिर्फ 3 दिन लगे। इसके लिए यह भी नहीं देखा कि मिट्टी में मोरम भी की गई है या नहीं। कई जगहों पर तो मिट्टी में मोरम बिछाए बिना ही सड़क बना दी। मजेदार बात यह है कि सड़क के लिए डामर प्लांट पर जे.ई.एन. को होना चाहिए पर वो न तो प्लांट पर था और न ही मौके पर । केवल एक सहायक अभियंता ही एक दिन के लिए मौके पर गया, उसके बाद सारा काम ठेकेदार के जिम्मे छोड़ दिया गया, जिसने बिल बनाने के चक्कर में जल्दी सड़क बना दी। इस सड़क से रोजाना भारी वाहन गुजरते है, ऐसे में मिट्टी में सड़क डालने से इसकी गुणवत्ता प्रभावित होगी। ऐसे में माना जा रहा है कि यह सड़क दो तीन महीने में पुनः उखड़ सकती है। उधर जोन-12 के एक्सईएन मनोज दुबे का कहना है कि मैं खुद मौके पर जाकर आया हूं, सड़क का निर्माण सही हो रहा है। अगर कहीं पर गड़बड़ी होगी तो उसे दिखवा लेंगे। जहां तक डामर प्लांट की बात है तो सहायक अभियंता मौके पर गए है, अगर फिर भी सड़क निर्माण में गड़बड़ी की बात है तो इसकी जांच करवा लेंगे।


भांकरोटा से मुकुंदपुरा के बीच जेडीए द्वारा बनाई जा रही सड़क में ठेकेदार ने डब्ल्यू.एम.एम. किए बिना ही सीधे बिटुमिन कंक्रीट डालकर रोड बना डाली।

## सार-समाचार

### ऊर्जा संरक्षण पर पेंटिंग प्रतियोगिता

**जयपुर** । ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) विद्युत मंत्रालय भारत सरकार एवं पावरग्रिड के संयुक्त तत्वावधान में स्कूली छात्रों में ऊर्जा सरंक्षण के प्रति जागरूकता का प्रसार करने के उद्देश्य से जयपुर के झालाना डूंगरी स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में चयनित 100 विद्यार्थियों ने दो विषय 'हम प्रो प्लानेट लोग हैं' व 'लाइफ फॉर इनवायरमेंट' पर पेंटिंग बनाई। जिसके आधार पर प्रत्येक समूह से 13 सर्वश्रेष्ठ कृतियों को पुरुस्कार दिया गया। राज्य स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 50 हजार, द्वितीय पुरस्कार 30 हजार और तृतीय पुरस्कार 20 हज़ार रूपये दिए गए। साथ ही 7500 रूपये के दस सांत्वना पुरस्कार जूरी मेम्बर्स द्वारा चयनित पेंटिंग्स को दिये गए। समूह 'ए' में प्रथम स्थान पर न्यू केसरी विद्यापीठ के लवनीस शर्मा, द्वितीय स्थान पर सीकर स्थित प्रिन्स लोटस वेली स्कूल के दक्ष एवं तृतीय स्थान पर वशिष्ठ इंटरनेशनल स्कूल के सोनम कंवर रहे और समूह बी' में प्रथम स्थान पर जयपुर की नीरजा मोदी स्कूल की अनुष्का देव बरमन, द्वितीय स्थान पर डीपीएएस जोधपुर की श्रष्टि हीरा नंदानी एवं तृतीय स्थान पर डीएवी स्कूल की सिमरन सैनी रही।

### चांदी की पायजेब चुरा भागे बदमाश

**जयपुर** । ब्रह्मपुरी इलाके में दो बदमाशों ने ज्वैलरी शॉप में लूट की वारदात की। कस्टमर बनकर आए बदमाश सेल्समैन की आंखों के सामने चांदी की पायजेब लेकर भाग गए। शॉप में लगे सीसीटीवी फुटेज में बदमाशों की करतूत कैद हो गई। ब्रह्मपुरी थाना पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि कागदीवाड़ा ब्रह्मपुरी निवासी प्रदीप कुमार (40) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शंकर नगर कागदीवाड़ा में उनकी ज्वेलरी की शॉप है। 16 नवम्बर को सुबह शॉप पर उसका सेल्समैन बैठा था। सुबह करीब 11 बजे बाइक सवार दो व्यक्ति खरीदारी करने शॉप पर आए। कस्टमर बनाकर आए बदमाशों ने चांदी की पायजेब दिखाने की कहा। सेल्समेन के पायजेब दिखाने के दौरान एक बदमाश बाहर बाइक पर जाकर बैठ गया। बाइक स्टार्ट करते ही शॉप के अंदर मौजूद बदमाश 250 ग्राम वजनी पायजेब की जोड़ी को लेकर भागा। सेल्समैन के शोर मचाने के दौरान दोनों बदमाश चांदी की पायजेब लूटकर तेजी से बाइक पर बैठकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने उनको ढूंढने के लिए गलियों में चक्कर भी लगाए, लेकिन बदमाशों का पता नहीं चला। ब्रह्मपुरी थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। शॉप में लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने पर दोनों बदमाशों की करतूत कैद मिली। पुलिस फुटेज के आधार पर दोनों बदमाशों की तलाश कर रही है।

### डॉ. विदिशा व उत्कर्ष पहुंचे फाइनल में



**जयपुर, (का.सं.)**। स्पोफ़िट एकेडमी में जारी दस दिवसीय डॉक्टर्स बैडमिण्टन लीग में कड़े मुक़ाबले के बाद खिलाड़ी सेमीफ़ाइनल व फाइनल में पहुँच रहे हैं। लीग ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ अनिल यादव ने बताया कि दबंग जोड़ी ऑफ़ दि ईयर केटेगरी में डॉ विदिशा व डॉ उत्कर्ष ने डॉ मनीषा व डॉ माणिकान्त को हराकर फ़ाइनल्स में पहुँच गये हैं। लीग संयोजक डॉ हरीश भारद्वाज ने बताया कि आज हुए मैचेज में मलंग जोड़ी ऑफ़ ईयर में डॉ अनुज-डॉ आरती ने डॉ दीपक-डॉ कल्पना को 2-0 से हराया। बॉयज़ केटेगरी में पथोस्कोप ने आइकन हॉस्पिटल को 2-1 से हराया। सीनियर केटेगरी में जेएनआईसी ने अग्रवाल हॉस्पिटल को 2-1 से हराया। विमन केटेगरी में जयपुर हार्ट हॉस्पिटल ने भंडारी हॉस्पिटल को 3-2 से व देशबंधु ईएनटी हॉस्पिटल ने एएलसीएस को 3-2 से हराया। आयोजन सचिव डॉ हनुमान खोजा ने बताया कि आज हुए अन्य मैचेज में मलंग डबल्स में डॉ राजकुमार-डॉ शरद ने डॉ सुभाष -डॉ फैजल को 2-1 से हराया ।दबंग डबल्स में डॉ रंगनाथ-डॉ अक्षय ने डॉ महीप-डॉ शुभम् को 2-1 से हराया।

# युवती की हत्या कर पहचान छिपाने के लिए ज्वलनशील पदार्थ से शव जलाया

- कालवाड़ इलाके में चम्पापुरा रोड पर शुक्रवार सुबह मिली थी युवती की अधजली लाश
- पुलिस को आशंका है कि युवती को किसी दूसरी जगह पर मारा गया है और हत्या के बाद किसी वाहन से शव को सड़क किनारे बने खंडहर कमरे के पीछे फेंका गया है।

**जयपुर** । कालवाड़ थाना इलाके में शुक्रवार सुबह अधजली हालत में एक युवती की लाश मिलने से इलाके में दहशत का माहौल हो गया। बताया जा रहा है कि शव को कुत्तों द्वारा जगह-जगह से नोच खाया। लोगों की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को को अपने कब्जे में लिया।

पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया कि युवती की हत्या कहीं ओर की गई और शव को यहां लाकर जलाया गया है। पुलिस ने फोरेंसिक साइंस लेबोरेट्री (एफएसएल) टीम की मदद से सबूत जुटाए हैं। साथ ही युवती की लाश को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया दिया गया है और मृतक युवती की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे है।

पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में स्थित चम्पापुरा रोड पर एक युवती की अधजली हालत में शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और एफ.एस.एल. टीम की मदद से सबूत जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतका की उम्र करीब 25 साल है, जिसे किसी दूसरी जगह पर मारा गया है और हत्या के बाद किसी वाहन से शव को सड़क किनारे बने खंडहर कमरे के पीछे फेंका गया है। आरोपी ने मृतका की पहचान छिपाने के लिए ज्वलनशील पदार्थ डालकर शव को आग लगा दी और फरार हो गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या का खुलासा हो सकेगा।

इसके अलावा जली हुई लाश के पास बोरी के भी जले हुए टुकड़े मिले है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। साथ ही जयपुर पुलिस कमिश्नरेट और जयपुर ग्रामीण के सभी थानों में भी सूचना दी गई है और लापता युवतियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा है। मृतका की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# वांछित अपराधियों के 133 ठिकानों पर दबिश

- विधानसभा चुनाव से पहले जयपुर पुलिस की कार्रवाई

**जयपुर** । जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने विधानसभा चुनावों को मध्यनजर रखते हुए जयपुर शहर में रहे उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, हरियाणा, मध्यप्रदेश, दिल्ली, पंजाब और गुजरात इलाके के रहने वाले वांछित अपराधियों को चिन्हित करते हुए उनके 133 ठिकानों पर दबिश मारी गई। इस कार्रवाई में चार वांछित इनामी आरोपितों को गिरफतार किया गया है और साथ ही 35 स्थाई-वांरटों का निस्तारण किया गया है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि विधानसभा चुनावों को मध्यनजर रखते हुए जयपुर शहर में रहे उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, हरियाणा, मध्यप्रदेश, दिल्ली, पंजाब और गुजरात इलाके के रहने वाले वांछित अपराधियों को चिन्हित किया गया और एसआईटी का गठन कर दो हजार रूपये के इनामी आरोपित दानाराम गुर्जन उर्फ दिनेश निवासी महेन्द्रगढ हरियाणा,दस हजार रूपये का इनामी आरोपित अशोक यादव निवासी नारनौल हरियाणा, पांच हजार रूपये का इनामी आरोपित सार्थक शुक्ला उर्फ शिवा निवासी उत्तरप्रदेश और पांच हजार रूपये का इनामी देव उर्फ देवा निवासी का उत्तर प्रदेश को गिरफतार किया गया है और साथ ही 35 स्थाई-वांरटों का निस्तारण किया गया है।

ARBiT it happens here...



## Peanut Butter Lovers' Month


This creamy spread is a delicious and versatile addition to any kitchen. It pairs perfectly with jelly, chocolate or just a spoon! Peanut Butter, a beautiful, thick, rich concoction that is made by pulverizing a humble legume. It appears in candies, sandwiches and even in rich savoury dishes in the form of a sauce. There's crunchy peanut butter and creamy peanut butter, and peanut butter that comes premixed with honey. Rich and full of protein, this delicious food is also favoured by bodybuilders, hikers and health nuts alike.



#HEALTH

# Why Red Wine Can Give You A Headache

A flavanol found naturally in red wines can interfere with the proper metabolism of alcohol and can lead to a headache





Even small amounts of red wine can cause a headache. Typically, a "red wine headache" can occur within 30 minutes to three hours after drinking as little as a small glass of wine.

In a new study, published in Scientific Reports, the researchers examined why this happens, even to people who don't get headaches when drinking small amounts of other alcoholic beverages.

Researchers think that a flavanol found naturally in red wines can interfere with the proper metabolism of alcohol and can lead to a headache.

This flavanol is called quercetin, and it is naturally present in all kinds of fruits and vegetables, including grapes. It's considered a healthy antioxidant and is even available in supplement form. But when metabolized with alcohol, it can be problematic.

"When it gets in your bloodstream, your body converts it to a different form called quercetin glucuronide" , says wine chemist and corresponding author Andrew Waterhouse, professor emeritus in the viticulture and enology department at the University of California, Davis. "In that form, it blocks the metabolism of alcohol."

"As a result, people can end up accumulating the toxin acetaldehyde", explains lead author Apramita Devi, postdoctoral researcher with the viticulture and enology department.

"Acetaldehyde is a well-known toxin, irritant and inflammatory substance." Devi says, "Researchers know that high levels of acetaldehyde can cause facial flushing, headache and nausea." The medication disulfiram prescribed to alcoholics to prevent them from drinking causes these same symptoms. "We postulate that when susceptible people consume wine with even modest amounts of quercetin, they develop headaches, particularly if they have a pre-existing migraine or another primary headache condition", says co-author Morris Levin, professor of neurology and director of the Headache Centre at the University of California, San Francisco. "We think we are finally on the right track towards explaining this millennia-old mystery. The next step is to test it scientifically on people who develop these headaches. So stay tuned."

Waterhouse says levels of this flavanol can vary dramatically in red wine.

"Quercetin is produced by the grapes in response to sunlight", Waterhouse says. "If you grow grapes with the clusters exposed, you get much higher levels of quercetin. In some cases, it can be four to five times higher." Levels of quercetin can also differ depending on how the wine is made, including skin contact during fermentation, fining processes and aging.

Scientists will compare red wines that contain a lot of quercetin with those that have very little, to test their theory about red wine headaches on people.

The researchers say there are still many unknowns about the causes of red wine headaches. It's unclear why some people seem more susceptible to them than others. The researchers don't know if the enzymes of people who suffer from red wine headaches are more easily inhibited by quercetin or if this population is just more easily affected by the build-up of the toxin acetaldehyde.

"If our hypothesis pans out, then we will have the tools to start addressing these important questions", Waterhouse says.



# Rajput Valor and Legacy in World Wars Unveiled on Remembrance Day of Canada



To delve into the narrative of the Rajputs is to chronicle the epic tale of an illustrious and age old warrior lineage, distinguished by a valor that echoes resoundingly across the pages of World history. In witnessing the unparalleled valor exhibited by the Jodhpur Lancers in the Haifa battle, where they fearlessly expelled the Turks from Israel, armed only with swords and lances against a heavily fortified Turkish position, armed with machine guns and cannons, their bravery radiates brilliantly.



**Prakram Singh Jhala**
*(Historian, Founder of Rajput Community of Canada, Completed Bachelors in Mechanical Engineering & Masters in Project Management*

The Rajputs, forever true to their descent, are born warriors, and no family of the human race ever possessed so liberal a portion of that essence of reckless daring, called chivalry, by poets and romancers, as the Rajputs like Thakur Shri Jessraj Singhji Sisodia in Rajputs: A Fighting Race, did.

Amidst the solemnity of Remembrance Day on November 11th in Canada, dedicated to honoring the sacrifices of World War I & II, the Rajput Community of Canada, under the leadership of founder Parakram Singh Jhala and Founder of Hindu Heritage Foundation of Canada, Yugeshwar Pratap Singh Ji Rana, orchestrated a monumental event at the Peel Art Gallery and Museum Archives (PAMA Museum) in Brampton, Ontario. This unprecedented gathering not only spotlighted the pivotal role played by Rajput Princely States and warriors but also initiated the first-ever global discourse on the significant contributions of Rajput heroes in the World Wars.

> Rajput regiments as exemplified by the valorous Jodhpur Lancers securing Haifa, Israel, and the benevolence of Jam Sahab providing shelter, emerged as key players in fortifying diplomatic ties between India-Israel and Canada.

Rajput regiments as exemplified by the valorous Jodhpur Lancers securing Haifa, Israel, and the benevolence of Jam Sahab providing shelter, emerged as key players in fortifying diplomatic ties between India-Israel and Canada. The enduring gratitude expressed by Poland and Israel towards the benevolence of Indian Maharajas stands as a testament to the lasting impact of Rajput generosity. Notably, Canada's Senior Politician Patrick Brown, Mayor of Brampton and former Leader of the Official Opposition at Queens Park, paid profound tribute to the Rajput warriors, recognizing their historical significance in the world wars.

To delve into the narrative of the Rajputs is to chronicle the epic tale of an illustrious and age old warrior lineage, distinguished by a valor that echoes resoundingly, across the pages of World history.

In witnessing the unparalleled valor exhibited by the Jodhpur Lancers in the Haifa battle, where they fearlessly expelled the Turks from Israel, armed only with swords and lances against a heavily fortified Turkish position, armed with machine guns and cannons, their bravery radiates brilliantly. Conversely, their exceptional hospitality shines through, in providing sanctuary to the Polish in Jamnagar, under the King's benevolence. Shifting focus to leadership, Rajputs emerge as beacons in every army, epitomized by Maharaja Ganga Singh Ji Bikaner. A seasoned soldier who traversed the landscapes of China, France, and Egypt, he stands as the sole non-white member of the British Imperial War Cabinet in the First World War, the only Indian signatory of the Treaty of Versailles (1919) and the pioneering Indian to attain the esteemed rank of General in the British Army. This indomitable spirit extends to the Dogra regiments, meticulously crafted by the J&K Maharaja and the Raja of Kangra, even establishing a gun manufacturing factory for World War endeavors.

Their unwavering commitment to combating cruelty and preserving lives remains an undeniable mark on the world's historical pages. Bhavnagar emerges as a pivotal player, contributing significantly through the establishment of a war hospital for soldiers and a magazine providing war updates to families, in the era of darkness. In matters of fashion, the incomparable style of the Rajput Raja and Maharajas, epitomized by Maharaja Sir Pratap Singh Ji idar's introduction of Jodhpur pants, exerts an irresistible allure. Originating in equestrian elegance, these distinctive pants transcended continents, gaining favor among European armies, especially esteemed cavalry units. Evolving from a symbol of equestrian prowess to one of motorized mastery, Jodhpur pants have become a hallmark of the Officer Corps, symbolizing an elite status. Hollywood swiftly embraced this sartorial evolution, with directors donning them on sets, undoubtedly aiming to command fear, exude authority and demand respect. The event distinguished itself through cutting-edge multimedia displays and digital kiosks, creating an immersive experience, heightened by background music.

A compelling short film produced by the Rajput Community of Canada, featuring the Jodhpur Lancers, Maharaja Nawanagar Digvijaysingh Ji and Maharaja Ganga Singh Ji, took center stage. Noteworthy endorsements from figures like Maharaja Gaj Singh Ji of Jodhpur, Maharaja Aishwarya Chand Katoch of Kangra, Maharaja Dr. Karan Singh Ji of Jammu and Kashmir, and famous Fashion Designer Raghavendra Rathore, alongside Princess Brijeshwari Kumari Bhavnagar, Princess Rajyashree Kumari Bikaner and H.H. Maharaja Jam Shatrushalya Singh Ji Nawanagar, added prestige. The event welcomed guests with ancestral ties to pivotal battles such as the Battle of Haifa in the World Wars.

Dr. Karan Singh Ji expressed jubilation, hailing the occasion as a groundbreaking historic event and commending the organizing committee for undertaking such a unique project. Raja Aishwarya Dev Katoch conveyed his joy, acknowledging the challenge of reviving history in modern times due to the confusion caused by similar uniforms and turbans.

The event unearthed buried information, spotlighting the Katoch and Jamwal dynasties' contributions to the Dogra Regiment in Kangra and Jammu-Kashmir. Rajput warriors, constituting around 250,000 soldiers in World War II, predominantly Rajputs were showcased, delivering forgotten history to the modern era. This profound insight illuminated how Rajput soldiers shaped global history, fought for freedoms, now taken for granted, and upheld their Kshatriya Dharma with smiles and unwavering faith. Crucial roles played by Parakram Singh Jhala, Yogeshvar Pratap Singh Rana, Navneet Singh Dodiya, Deveshwar Singh Rathore and Yadvendra Singh Shaktawat were instrumental in the event's success, underscoring the intertwining legacy of the Rajputs with the tapestry of history, leaving an indelible mark on the world stage.

rajeshsharma1049@gmail.com

> Evolving from a symbol of equestrian prowess to one of motorized mastery, Jodhpur pants have become a hallmark of the Officer Corps, symbolizing an elite status. Hollywood swiftly embraced this evolution, with directors donning them on sets.

## # RAJPUT WARRIORS RESURRECTED



Group picture from the event.



Treaty of Versailles,1919, ended WWI. Maharaja Ganga Singh: Indian signatory, pivotal event.



Parakram, Mayor Patrick Brown, Yugeshwar Pratap and Navneet.



Maharaja Digvijay Singh Ji Jamnagar with Polish Children.

#INNOVATION

# Who Invented the Microwave, and How

Never underestimate the power of snacks and serendipity





The dull halogen light. The spinning glass plate. The humming that terminates in a "BEEP." Today, the sights, sounds, and smells of the microwave oven are immediately familiar to almost all of us.

The microwave is beloved for its speed and ease of use. But what you might not know about this indispensable kitchen appliance is when was the microwave invented. The true story is that it was invented utterly by accident, one fateful day, more than 70 years ago, when a Raytheon engineer named Percy Spencer was testing a military-grade magnetron and suddenly realized his snack had melted.

## The Knack

Spencer was no timid lab rat. "Gramps was loud, wanted to make everything happen at all times." The inventor's grandson, George "Rod" Spencer Jr. tells Popular Mechanics. "There were no 'challenges', simply everything was a goddamn problem that needed to be solved. Everyone trusted him to do just that."

Growing up poor around the turn of the century in the wilderness of Howland, Maine, Spencer had little formal schooling. Modern conveniences like automobile and electricity were unfamiliar to him at young age, but he got into engineering anyway, thanks in large part to a natural curiosity, that drew Spencer to the mills that populated the region.

At the age of 12, he got a job at the spool mill, one town over. At 14, Spencer got hired to install electricity at the nearby paper mill. A few years later, he was so inspired by the heroic actions of the Titanic's radio operators that he joined the Navy and learned new technology. Spencer would later explain, "Just got hold of a lot of textbooks and taught myself while I was standing watch at night."

After World War I, Spencer landed into a job at the newly-established American Appliance Company, co-founded by engineer Vannevar Bush. In 1925, the company changed its name to Raytheon Manufacturing Company. It's still around today, making missiles, military training systems and electronic warfare products.



In the 1920s, Spencer became one of Raytheon's most valued and well-known engineers. During World War II, while Raytheon was working on improving radar technology for Allied forces, Spencer was the company's go-to problem solver. For example, he helped to develop proximity fuses or detonators, that allowed to trigger artillery shells so they'd explode in mid-air, prior to hitting their mark. In an email to Popular Mechanics, current Raytheon engineer and part-time company historian Chet Michalak says ,Spencer "had a knack for finding simple solutions to manufacturing problems."

Spencer earned several patents while working on more efficient and effective ways to mass-produce radar magnetrons. A radar magnetron is a sort of electric whistle that, instead of creating vibrating sound, creates vibrating electromagnetic waves. According to Michalak, at one time, Spencer was trying to improve the power level of the magnetron tubes to be used in radar sets, on that fateful day in 1946, while testing one of his magnetrons, he stuck his hand in his pocket. While preparing for the lunch break, he made a shocking discovery: The peanut cluster bar had melted. Spencer says, "It was a gooey, sticky mess."




## The Snack

A story this good can't help but change as it's passed down over the years. Some tellings of the legend say that it was a melted chocolate bar that led to Spencer's eureka. But if you ask Rod Spencer today, he'll tell you that's dead wrong.

He loved nature (due to his childhood in Maine), especially his little friends, the squirrels and the chipmunks. The younger Spencer says of his grandfather, "So he would always carry a peanut cluster bar in his pocket to break up and feed them during lunch." This is an important distinction, and not just for the sake of accurate storytelling. Chocolate melts at a much lower temperature (about 80 degrees Fahrenheit) which means melting a peanut cluster bar with microwaves was much more remarkable.


Understandably, curious about just what the heck had happened, Spencer ran another test with the magnetron. This time he put an egg underneath the tube. Moments later, it exploded, covering his face in egg. "I always thought that this was the origin of the expression 'egg in your face'", Rod Spencer says, with a laugh. The following day, Percy Spencer brought in corn kernels, popped them with his new invention and shared some popcorn with the entire office. The microwave oven was born.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# ट्रक से टकराई यात्रियों से भरी बस, एक की मौत

## 20 से ज्यादा घायल, उपचार के लिये पीबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया

■ अहमदाबाद से यात्रियों का दल बस से अमृतसर की तरफ जा रहा था

**बीकानेर,** (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग-62 पर दुलमेरां गांव के समीप देर रात को यात्रियों से भरी बस व ट्रक में भिड़न्त हो गई। हादसे में एक यात्री की मौत हो गई तथा 20 से ज्यादा यात्रियों को चोटें आई है। घायलों को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

लूणकरनसर थानाधिकारी अमित कुमार स्वामी ने बताया कि गुजरात के अहमदाबाद से यात्रियों का दल बस में सवार होकर पंजाब के अमृतसर की तरफ जा रहा था। इस दौरान देर रात करीब 12.30 बजे धीरेरां व दुलमेरां गांव के बीच तेज गति से जा रही बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। बस में करीब 40 महिला व पुरूष समेत बच्चे सवार थे। ट्रक व बस की भिड़न्त में 20 से अधिक लोग घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस व अन्य वाहनों की मदद से लूणकरनसर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती करवाया गया। इसके अलावा गंभीर घायल लोगों को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल भिजवाया गया। हादसे में गंभीर घायल अहमदाबाद के इशनपुर चौकड़ी निवासी नरसीभाई (51) पटेल की मौत हो गई। बस में सवार लोग अहमदाबाद के वटवा, मणिनगर, अहम नरोड़ा, बारेसा, अमरामवादी, गोडासर, इशरपुर समेत कई इलाकों के निवासी बताए है।

बस व ट्रक की भिड़न्त में बस के चालक की तरफ का हिस्सा चकनाचूर हो गया। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में कोहराम मच गया। हादसे के बाद घायलों की चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे तथा पुलिस को सूचना की गई।

# पिकअप और बाइक की टक्कर में मां-बेटे की दर्दनाक मौत

## पिकअप चालक को राहगीरों ने एक किमी. दूर भागकर पकड़ा

**बामनवास,** (निसं)। कोयला गांव के समीप छठी मील के नजदीक एक सड़क दुर्घटना में बामनवास के रहने वाले मां सीता देवी व बेटे दिलखुश की एक साथ मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मां बेटे दोनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही पिकअप ने मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया। पिकअप की रफ्तार इतनी तेज थी कि मोटरसाइकिल चपेट में आने के साथ ही इस सड़क दुर्घटना में मां बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं राहगिरों द्वारा दुर्घटना कर पिकअप को छोड़कर भागे चालक को करीब एक किलोमीटर भाग कर पकड़ा गया एवं पुलिस के हवाले किया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही गंगापुर सिटी सदर थाना अधिकारी मदनलाल मीणा घटनास्थल पर पहुंचे एवं शवों को बीच सड़क से हटाकर यातायात को सुचारू करवाया व एक वाहन से मां बेटे के शव को रखकर शवों को जिला अस्पताल गंगापुर सिटी पहुंचाया गया। जहां जिला अस्पताल में मेडिकल बोर्ड से मां बेटे का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। जिस पिकअप चालक द्वारा यह दुर्घटना घटाई गई वह पिकअप चालक वाहन को घटनास्थल पर ही छोड़कर भाग खड़ा हुआ।

वहीं पकड़े गए पिकअप चालक की लोगों द्वारा मारपीट करने एवं जिस वाहन से दुर्घटना हुई थी उसमें आग लगाने की भी कोशिश की गई लेकिन वहा मौजूद लोगों द्वारा लोगों को चालक से मारपीट करने एवं वाहन में आग लगने से रोक दिया गया एवं नशे की हालत में पिकअप चालक को पुलिस को संभला दिया गया जहां पुलिस द्वारा उसे थाने ले जाया गया।


## जेईई-एडवांस्ड-2024 की परीक्षा तिथि जारी

**कोटा,** (निसं)। जेईई-मेन के आवेदन शुरू होने के बाद अब जेईई-एडवांस्ड-2024 की परीक्षा तिथि जारी कर दी गई है। इस वर्ष आईआईटी मद्रास परीक्षा की आयोजक होगी। परीक्षा 26 मई को दो पारियों में सुबह 9 से 12 और दोपहर 2.30 से 5.30 के मध्य होगी।

इस परीक्षा के माध्यम से देश की 23 आईआईटी की 17 हजार 350 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि आईआईटी मद्रास की ओर से जारी की गई जानकारी के अनुसार जेईई-एडवांस्ड की आवेदन प्रक्रिया 21 से 30 अप्रैल के मध्य होगी। परीक्षा के प्रवेश पत्र 17 मई को जारी किए जाएंगे। परीक्षा के बाद कैंडिडेड रेस्पोंस 31 मई को जारी किए जाएंगे तथा ऑनलाइन प्रोविजनल आंसर-की 2 जून को जारी की जाएगी। आंसर की पर फीडबैक 3 जून तक लिए जाएंगे। फाइनल आंसर-की व रिजल्ट 9 जून को जारी किया जाएगा। जोसा काउंसलिंग 10 जून से शुरू होगी।

एडवांस्ड के सिलेबस में बदलाव नहीं-जेईई-मेन के सिलेबस में तो बदलाव किया गया है लेकिन जेईई-एडवांस्ड का सिलेबस वर्ष 2023 के अनुसार ही रहेगा। ऐसे में जो विद्यार्थी जेईई-मेन व जेईई-एडवांस्ड को टारगेट कर रहे हैं उन्हें अलग-अलग दिए गए सिलेबस के आधार पर तैयारी करनी होगी। आहूजा ने बताया कि जेईई-एडवांस्ड की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 21 अप्रैल से प्रारंभ होगी, ऐसे में जेईई-मेन का दोनों सेशन का परिणाम एवं एआईआर 20 अप्रैल तक घोषित करनी होगी, क्योंकि जेईई-मेन द्वारा सभी कैटेगरी मिलाकर शीर्ष चुने गए 2.50 लाख विद्यार्थी जेईई-एडवांस्ड के लिए पात्र घोषित किए जाएंगे। अ्जेईई-एडवांस्ड के आवेदन के लिए जेईई-मेन द्वारा शीर्ष 2.50 लाख विद्यार्थियों में क्वालीफाई होना जरूरी है।

# दुष्कर्म करने के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास



पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया।

■ कोर्ट ने आरोपी को 41 हजार के जुर्माने की सजा से दंडित किया

**राजसमंद,** (निसं)। 13 वर्षीय नाबालिग बालिका को उसके घर से बहला-फुसलाकर व धमकाकर ले जाने व उसके साथ बलात्कार करने के आरोपी मांगीलाल उर्फ प्रताप राम को पॉक्सो न्यायालय राजसमंद के न्यायाधीश सुनील कुमार पंचोली ने 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 41 हजार के जुर्माने की सजा से दंडित किया।

विशिष्ट लोक अभियोजक राहुल सनाढ्य ने बताया कि एक सितम्बर 2020 को पीड़िता के पिता ने थानाधिकारी पुलिस थाना केलवाड़ा के समक्ष उपस्थित होकर एक रिपोर्ट पेश की कि उसकी 13 वर्षीय नाबालिग पुत्री जो कक्षा सात में पढ़ रही है जो 14 अगस्त 2020 को घर पर अकेली थी तो पीछे से घासीराम उसे अपने साले मांगीलाल की पत्नी बनाने की गरज से बहला फुसलाकर ले गया तथा उसे कहीं गायब कर दिया है। उसने पुत्री की आसपास व रिश्तेदारी में तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला है। उक्त रिपोर्ट पर पुलिस थाना केलवाड़ा द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर आवश्यक अनुसंधान पूर्ण कर पॉक्सो न्यायालय राजसमंद में अभियुक्त मांगीलाल उर्फ प्रताप राम के विरुद्ध आरोप पत्र प्रस्तुत किया। न्यायालय में राज्य सरकार व पीड़िता की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक राहुल सनाढ्य ने 20 गवाह तथा 35 दस्तावेज न्यायालय में पेश किए।

# चूरू में एक बार भी जाट जाति का विधायक नहीं बनने का रिकॉर्ड



चूरू में कांग्रेस के उम्मीदवार रफीक मंडेलिया ने घर-घर जाकर जनता से वोट मांगे।

■ यहां जाट समाज दो गुटों में बंटा हुआ है

**चूरू,** (कासं)। चूरू विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस के रफीक मंडेलिया काफी मजबूत स्थिति में दिखाई दे रहे हैं। वैसे भी भाजपा के हरलाल सहारण की जीत में कई रोड़े हैं। कहा जा रहा है कि भाजपा के उम्मीदवार हरलाल सहारण ने प्रधान व जिला प्रमुख रहते हुए गांवों में कोई भी उल्लेखनीय कार्य नहीं करवाया। ऐसे में लोगों को सहारण से कोई उम्मीद नहीं है। उन्हें उम्मीद नहीं है तो वोट भी नहीं है। सहारण द्वारा गैस एजेंसी के माध्यम से आमजन को परेशान ही किया गया।

यहां जाट समाज के लोगों का मानना है कि हरलाल सहारण जीत गए तो राजेन्द्र राठौड़ का खेमा मजबूत हो जाएगा। सहारण की ओर से धमकी दिए जाने से भी जाट समाज के लोग उनसे नाराज हैं। यहां जाट समाज दो गुटों में बंटा हुआ है। ऐसे में यहां 61 साल में जाट जाति का विधायक नहीं बनने का रिकार्ड टूट पाना सम्भव नहीं लग रहा है। दूसरी ओर रफीक मंडेलिया ने चुनाव हारने के बाद भी चूरू विधानसभा क्षेत्र में अपनी जेब से रुपए लगाकर भी कई काम करवाए हैं। ऐसे में आमजन का झुकाव कांग्रेस के रफीक मंडेलिया की ओर अधिक है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि इस बार रफीक मंडेलिया को जीत का स्वाद चखने को मिल सकता है। रफीक मंडेलिया ने चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद शुक्रवार को चूरू शहर व देहात में घर-घर जाकर कांग्रेस के लिए वोट मांगे।

इसके अलावा पूर्व विधायक हाजी मकबूल मंडेलिया, नगरपरिषद सभापति पायल सैनी, पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, असलम खोखर, रमजान खान, लालचंद सैनी, सुबोध मासूम, नारायण बालाण, मोहम्मद हुसैन निर्वाण, पार्षद विनोद खटीक, गिरधारीलाल भाम्मी, घनश्याम अलवरिया, विमल शर्मा, गोकुल शर्मा, अंजनी शर्मा, कुलदीप तंवर, विश्वनाथ सैनी, अली मोहम्मद भाटी, देहात में किशोर धान्धू, धर्मेन्द्र बुडानिया, कमला कस्वां, आदूराम न्यौल, सोहनलाल मेघवाल, जयचंद मेघवाल, प्यारेलाल दानोदिया, सुखाराम घिंटाला, किशनाराम बाबल आदि ने जन सम्पर्क किया। इसी प्रकार रतननगर कस्बे में डूंगरमल सैनी, पार्षद दीपिका सोनी, सुनिता बाकोलिया, किरोडीलाल मीणा, असलम खां, चन्द्रभान शर्मा, सुरेश गहलोत, पार्षद सुभाष सैनी, विनोद मीणा, सुरेन्द्र ढंढ ने रफीक मंडेलिया को विजयी बनाने की अपील की। कांग्रेस के पक्ष में जनता के रूझान को देखते हुए चूरू विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी रफीक मंडेलिया की कम से कम 20 हजार मतों से जीत का दावा किया जा रहा है।

# 'राज्य की जनता का हर वोट महत्वपूर्ण और वह पांच साल के भविष्य का निर्धारण करेगा'

■ केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने प्रदेश की जनता से मतदान की अपील की

**जोधपुर,** (कासं)। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने प्रदेश की जनता से 25 नवम्बर को मतदान की अपील करते हुए कहा है कि आमजन अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर मतदान जरूर करें। राज्य की जनता का हर वोट महत्वपूर्ण और वह वोट ही अगले पांच साल के भविष्य का निर्धारण करेगा। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा है कि हर व्यक्ति वोट देने के लिए जाए तो कांग्रेस सरकार के पिछले पांच सालों में किए गए कुकर्मों को अपने ध्यान में रखे। ऐसे में राजस्थान से भ्रष्टाचार समाप्त करने, तुष्टीकरण खत्म कर सामाजिक समरसता के लिए और राज्य के विकास के लिए बढ़-चढ़कर मतदान करें।

गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि राज्य में 25 नवम्बर को विधानसभा चुनावों के लिए होने वाले मतदान में प्रदेश की जनता भाजपा को प्रचण्ड बहुमत देने में अपनी भूमिका निभाएं। प्रदेश की जनता ने पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस सरकार के कुकर्मों और कुशासन से दुखी होकर इस सरकार को उखाड फैंकने का मन बना लिया है। इसके चलते प्रदेश में इस बार मतदान के दिन आमजन ईवीएम में कमल के सामने वाला बटन ऐसे दबाएंगे जैसे कांग्रेस नेताओं को सजा दे रहे हों। राज्य सभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने कहा कि राज्य में पिछले पांच साल के कांग्रेस शासन में समाज का हर वर्ग कांग्रेस की नीतियों और भ्रष्टाचार से तंग रहा है। यहां इस पर कांग्रेस के विधायकों और मंत्रियों ने भ्रष्टाचार का जो तांडव मचाया है वह राजस्थान के इतिहास में इससे पहले किसी ने नहीं देखा। प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक नारायण पंचारिया ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान करेगी और भाजपा की सरकार बनाएगी। राजस्थान में कांग्रेस के पांच सालों में अशोक गहलोत का एजेण्डा अपने परिवार और कुर्सी को ईदगिर्द ही घूमता रहा।

भाजपा जोधपुर शहर जिलाध्यक्ष देवेंद्र सालेचा ने कहा कि करौली में रामनवमी की यात्रा पर पथराव के लिए भी बहुसंख्यक वर्ग के किशोरो पर मुकदमें दर्ज किए गए जबकि इसमें कई किशोर तो वयस्क भी नहीं थे। ऐसे में बहुसंख्यक वर्ग पर कानूनी कार्रवाई और एक धर्म विशेष के लोगों पर कानूनी कार्रवाई नहीं करना प्रदेश की जनता ने देखा और समझ लिया। अब यह जनता ऐसी बहुसंख्यक विरोधी सरकार को उखाड फेंकने के लिए मतदान करेगी। जोधपुर नगर निगम दक्षिण की महापौर वनिता सेठ ने कहा कि राज्य में 2 लाख से अधिक महिला उत्पीडन के मामले दर्ज हुए हैं, 35 हजार से अधिक दुष्कर्म, 15 हजार बच्चियों के साथ रेप, यहां प्रतिदिन 19 बलात्कार होते हैं और अकेले राजस्थान में 22 फीसदी दुष्कर्म के मामले होते हैं। फिर भी मुख्यमंत्री के रूप में अशोक गहलोत पर कोई फर्क नहीं पड़ा और कानून व्यवस्था रोकने में नाकाम रही सरकार अपने राजधर्म का पालन नहीं कर पाई। इसके कारण राज्य में महिलाएं एकजुट होकर अशोक गहलोत के खिलाफ और नरेंद्र मोदी के साथ नजर आ रही हैं।

# भारतीय क्रिकेटर नवदीप सैनी ने रचाई शादी

**उदयपुर,** (कासं)। टीम इंडिया में अगस्त 2019 में डैब्यू करने वाले तेज गेदबाज नवदीप सैनी ने अपनी प्रेमिका स्वाति अस्थाना के साथ गुरूवार को लेकसिटी में शादी रचाई। यह शादी देबारी स्थित आनंदम रिसोर्ट में हुई। इस शादी में बड़े वीवीआईपी मेहमानों की फेहरिस्त नहीं थी। नवदीप आस्ट्रेलियां के साथ हो रही पांच मैचों की टी-20 सीरिज में टीम इंडिया का हिस्सा भी है।

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज नवदीप सैनी जो हरियाणा के करनाल जिले के है उन्होंने गुरूवार को उदयपुर के देबारी स्थित आनंदम रिसोर्टस में अपनी प्रेमिका स्वाति अस्थाना से वैवाहिक बंधन में बंध गए। विवाह आयोजनों के तहत दिन में पंजाबी रीति-रिवाज से विवाह हुआ।

शाम को उदयपुर के चांदपोल निवासी पंडित बनवारी शरण शास्त्री ने हिन्दु रीति-रिवाज से मंत्रोच्चारण व फेरों के साथ उनकी शादी कराई। शादी समारोह में नवदीप व स्वाति के परिजन, उनके रिश्तेदारों के साथ सीमित मेहमान ही शामिल हुए। इस शादी में वीवीआईपी मेहमानों की फेहरिस्त नहीं थी। ऐसे में इसकी भनक किसी को नहीं लगी। नवदीप को शादी के कई आईपीएल व टीम इंडिया के क्रिकेटरों ने उनके सोश्यल अकाउंट पर बधाई दी। स्वाति सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर है।

## हादसे में युवक की मौत

**हलैना,** (निसं)। कस्बा हलैना के अतिराम सागर में 17 वर्षीय एक युवक की गिर जाने से मौत हो गई, जो सागर किनारे खड़ा था। अचानक बंदरो ने युवक पर हमला कर दिया। जिसके बचाव में ये घटना घटी। कस्बा के लोग व परिजनो ने पौन घंटा तक कड़ी मेहनत कर सागर से युवक को निकाला और पुलिस को उक्त घटना की जानकारी दी। सूचना पर थाना प्रभारी नरेश पोषवाल आए और शव को कब्जे में लेकर युवक के शव को हलैना के मृतक घर में रखवा दिया। मृतक का पोस्टमार्टम शनिवार को होगा। थाना प्रभारी नरेश पोषवाल ने बताया कि कस्बे के अतिरामसागर में युवक के गिर जाने की सुचना प्राप्त हुई, जिस सुचना पर भरतपुर और जयपुर से गौतखोर और टीम बुलाई।

# नए मतदाताओं को है मतदान करने की उत्सुकता

**जैसलमेर,** (निसं)। सरहदी जिले के युवा जिन्हें प्रशासन द्वारा 25 जनवरी को मतदान करने का हक प्रदान किया गया, आज अपने जीवन में पहली बार मतदान करके खुशी का इजहार होगा। जैसलमेर जिले का इतिहास रहा है कि यहां चुनाव की पहली रात्रि को मतदाताओं को भ्रमित किया जाता रहा है। इस बार प्रशासन चप्पे-चप्पे पर चौकसी बरत रहा है। कांग्रेस के जैसलमेर पोकरण विधायकों का टंटा पांच साल से जारी है।

गहलोत द्वारा रामदेवरा यात्रा के दौरान जैसलमेर और पोकरण के विधायकों के हाथ मिलवा कर फोटो वायरल करवाया था। अब शुक्रवार रात्रि को दोनों गहलोत के इसारे से एक हो जाते हैं तो बाजी पलट सकती है, परन्तु गहलोत और सचिन की तरह दोनों विधायकों को एक दूसरे को हराने की ठान ली तो पोकरण, जैसलमेर दोनों विधानसभा भाजपा के पाले में आने की संभावना बन जायेगी। पोकरण प्रत्याशी ने जैसलमेर से टिकिट अपने पसंद के प्रत्याशी को दिलाने का जोर लगाया, लेकिन विफल रहे। अब पोकरण प्रत्याशी रातों रात उन्हे हराने हेतूके लिए साम, दाम, भेद और दंड का उपयोग अवश्य करेगें। पोकरण प्रत्याशी नहीं चाहते कि जिले की कांग्रेस राजनीति में कोई दूसरा उनके बीच में आए उसके लिए वो पूरे राजनीति अनुभव को दाव पर रातों रात लगा सकते हैं।

# मसूदा विस. के प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

■ प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत के साथ अपने-अपने मत पक्ष में वोट साधने का प्रयास किया

**बिजयनगर,** (निसं)। मसूदा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार के आखिरी दिन अपनी पूरी ताकत झोंक दी। चुनावी शोर थमने से पहले गुरुवार को प्रमुख पार्टी के नेताओं एवं चुनाव मैदान में खड़े प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत के साथ अपने-अपने मत पक्ष में वोट साधने का हर संभव प्रयास किया।

मसूदा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने से नाराज कांग्रेस नेता वाजिद खान चिता बसपा प्रत्याशी बनकर चुनावी मैदान में हैं वही कांग्रेस के पूर्व पालिका अध्यक्ष सचिन सांखला ने आरएलपी से प्रत्याशी बनकर चुनावी मैदान में डटे हुए हैं। कांग्रेस से राकेश पारीक बीजेपी से वीरेंद्र सिंह कानावत चुनाव मैदान में अपनी समर्थकों के साथ जन संपर्क करते हुए अपने-अपने पक्ष में मतदान करने के लिये व्यापक स्तर पर प्रयास शुरू कर दिए हैं। बसपा से उम्मीदवार वाजिद खान के समर्थकों ने व्यापक स्तर पर जनसंपर्क करते हुए अपने पक्ष में मतदान की अपील की। आरएलपी प्रत्याशी सचिन सांखला ने शहरी क्षेत्रमैं व्यापक स्तर पर जनसंपर्ककर नागरिकों सेअपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।

सचिन सांखला के समर्थकों ने जगह-जगह माल साफा पहनकर स्वागत किया। आरएलपी प्रत्याशी सचिन सांखला ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी पूरी ताकत झोंकते हुए जनसंपर्क करने में जुटे रहे। निर्दलीय प्रत्याशी सुनील कुमार जैन द्वारा भी जनसंपर्क किया गया। कांग्रेस प्रत्याशी राकेश पारीक ने बुधवार को शहर के मुख्य बाजारों एवं विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क रैली निकालते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह कानावत के समर्थकों ने गुरुवार को अपने समर्थकों के साथ रैली निकाल प्रचार प्रसार किया गया। भाजपा प्रत्याशी कानावत का जगह-जगह पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने स्वागत किया।

## मतदान दल रवाना

**जोधपुर,** (कासं)। विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी हो चुकी है। शनिवार की सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोटिंग होगी।

इस पर चुनाव आयोग ने चुनाव का समय दो घंटे तक बढ़ा दिया है। पूरी हो चुकी तैयारियों के भोंपू प्रचार कल थम गया था, वहीं शुक्रवार को प्रत्याशियों का केवल डोर टू डोर जनसंपर्क बना रहा। ना तो टैक्सियों में भोंपू की गूंज सुनाई ना ही सभाएं हो पाई। जिले की दस विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों ने अंतिम दिन सुबह से जनसंपर्क कर मानमुनावल स्वीकार की।

कई व्यापारिक संगठनों ने एकत्र होकर प्रत्याशियों का मानसम्मान किया तो कुछ ने मतदान को लेकर विचार विमर्श किया। शनिवार को होने वाले मतदान के लिए मतदान दलों की रवानगी भी सुबह शुरू हो गई। मतदान दलों को पॉलिटेक्रिक कॉलेज परिसर से रवाना किया गया। मगर यहां गेट खोलने को लेकर व्यवस्थाएं सही नहीं होने से एकबारगी वाहनों का लंबा जाम बन गया। बाद में जैसे तैसे व्यवस्था बनाकर एक एक कर मतदान दलों की रवानगी हो सकीं।

# रीको की एक फैक्ट्री में शराब व रूपये बांटने की अफवाह झूठी निकली

## प्रशासन की सतर्कता के चलते अफवाह पर लगाई लगाम, फैक्ट्री में टीम को कुछ नहीं मिला

■ फैक्ट्री के आगे हजारों की संख्या में भीड़ हुई एकत्रित, पुलिस व आर्मी मौके पर पहुंची

**तारानगर,** (निसं)। तारानगर के रीका औद्योगिक एरिया अलायला रोड़ पर एक फैक्ट्री में शराब व पैसे बांटने व संग्रह की खबर को लेकर पूरे क्षेत्र में अफवाह फैल गई जिसको लेकर वहां पर हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हो गये।

अचानक इस तरह की खबर सुनकर स्वंय उपखण्ड अधिकारी, डीवाईएसपी, तहसीलदार, थानेदार सहित उड़नदस्ता की टीम मौके पर आर्मी के सैंकड़ों की संख्या में जवान के साथ पहुंचे। मौके पर हो हल्ला मचा रहे लोगों को आर्मी के जवान व पुलिस ने नियंत्रण में कर वहां से भगाया। बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर किसी ने अफवाह फैला दी कि एक फैक्ट्री में चुनाव के दिन या उससे पहले मतदाताओं को लुभाने वाली कोई वस्तुओं से भरी गाड़ीयां पहुंची है। जब मौके पर उपखण्ड अधिकारी सहित निर्वाचन विभाग की गठित टीम ने मौका मुआयना किया तो कुछ नहीं मिला।



रीको औद्योगिक ऐरिया की फैक्ट्री जिसको लेकर अफवाह फैलाई गई जो झूंठी निकली।

उपखण्ड अधिकारी ने बताया कि हमारी टीम नें जांच कर ली है, अभी तक मेरे पास किसी तरह की कोई जांच रिपोर्ट नहीं आई है लेकिन हमें फैक्ट्री में किसी प्रकार की कोई ऐसी वस्तु नहीं मिली जिससे मतदाताओं को लुभाने का काम हो सके या किसी तरह कोई भी गाड़ी नहीं मिली जिसमें कोई अवैध सामान हो या मतदाताओं को लुभाने वाली कोई वस्तुऐं भरी हो।

गौरतलब है कि तारानगर क्षेत्र में अफवाह फैली कि उक्त फैक्ट्री में शराब व रूपयों से भरी हुई गाड़ीयां खड़ी है जिससे उक्त शराब व रूपये बांटे जायेंगे लेकिन अफवाह गलत व झूठी साबित हुई।

# शांतिपूर्ण तरीके से शत-प्रतिशत मतदान का किया आव्हान

■ 25 नवम्बर शनिवार को प्रातः 7 से सायं 6 बजे तक होगा मतदान

**कोटपूतली।** कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर आईएएस शुभम चौधरी ने विधानसभा चुनाव के मतदान दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को जिले के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्रात्मक शासन प्रणाली में सभी शक्तियां जनता में निहित होती है। जनता द्वारा चुने गये जनप्रतिनिधि जनता के लिए देश एवं राज्य की शासन व्यवस्था चलाते है। अपना स्वशासन स्थापित करने के लिए चुनाव प्रणाली की व्यवस्था की गई है। जिसमें जनमत को सर्व शक्ति सम्पन्न बनाया गया है। चुनाव लोकतंत्र का महोत्सव है। उन्होंने जिले के सभी सम्मानित मतदाताओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी जिले की अपणायत से परिपूर्ण संस्कृति को कायम रखते हुए राजस्थान की विधानसभा के लिए निर्भीक होकर बिना किसी दबाव, पक्षपात व प्रलोभन के मतदान के अपने संवैधानिक अधिकार का शांतिपूर्वक प्रयोग करते हुए अच्छे, सुयोग्य एवं मनपसन्द उम्मीदवार का चुनाव जनप्रतिनिधि के रूप में करेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव 25 नवम्बर शनिवार को प्रातः 7 से सायं 6 बजे तक भारत चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र एवं मतदाता पर्ची के साथ मतदान केन्द्र पर पहुंचकर अपना मतदान करें तथा अपने आस-पड़ौसियों एवं नाते रिश्तेदारों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित कर शत-प्रतिशत मतदान करने एवं करवाने में अपनी महत्ती भूमिका का निर्वहन करते हुए लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें। आप अपने मोबाईल फोन के प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाईन एप डाउनलोड करके मतदाता सूची में अपना नाम एवं मतदान केन्द्र के बारे में जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। जिला कलेक्टर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक-एक वोट अमूल्य हैं। अतः मेरी सभी धर्मावलम्बियों, पंथों के अनुयायियों, सर्व समाज के बुजुगों, पुरूषों, महिलाओं, दिव्यांगजनों, युवाओं एवं किन्नर समाज के मतदाताओं से अपील है कि 25 नवम्बर शनिवार के दिन कानून एवं व्यवस्था को बनाये रखते हुए शांतिपूर्वक शत-प्रतिशत मतदान करें तथा राजस्थान राज्य में लोकतंत्र को सशक्त बनाते हुए कोटपूतली-बहरोड़ जिले का मान बढ़ायें। उन्होंने कहा कि यदि आपके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, भारतीय पासपोर्ट, पेंशन दस्तावेज, फोटो युक्त बैंक या पोस्ट ऑफिस पास बुक, सांसदों या विधायकों को जारी किये गये प्रमाण-पत्र, केन्द्र या राज्य सरकारों द्वारा जारी सर्विस आइडेंटिटी कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को जारी डिसेबिलिटी कार्ड आदि दस्तावेज से भी मत का प्रयोग कर सकते है।

**मतदान की अपील :** कोटपूतली विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह यादव, भाजपा प्रत्याशी हंसराज पटेल, निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश गोयल, बसपा प्रत्याशी प्रकाश चन्द सैनी, जेजेपी प्रत्याशी रामनिवास यादव, आरएलपी प्रत्याशी सतीश कुमार माडैंया, निर्दलीय प्रत्याशी अशोक कुमार सैनी, ने शुक्रवार को कस्बा समेत विभिन्न गांव व ढाणियों में मतदाताओं से डोर टु डोर सम्पर्क करते हुए अपने-अपने पक्ष में मतदान कर भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

## संभाली चुनावी कमान

**बहरोड / नीमराना।** चुनाव के ठीक 1 दिन पहले बहरोड़ के नारनौल रोड पर स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर जसवंत सिंह यादव की पत्नी डॉक्टर किरण ने क्षेत्र के बाहर से पधारे कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर मतदान बूथ व पार्टी कार्यकयर्ताओं से समस्त प्रकार की जानकारी का जायजा लिया।

# भयमुक्त मतदान की अपील

**कोटपूतली-बहरोड़।** विधान सभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को कोटपूतली-बहरोड जिले में कलेक्टर शुभम चौधरी के साथ पुलिस ने कोटपूतली, विराटनगर कस्बे व ठाामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालकर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान को लेकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान आमजन से भयमुक्त मतदान की अपील की गई। शुक्रवार को कोटपूतली-बहरोड़ कलेक्टर शुभम चौधरी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक रंजीत शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और डीएसपी स्तर के अधिकारियों के साथ पुलिस के जवानों ने कोटपूतली, विराटनागर कस्बे सहित आसपास के ठाामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला। कलेक्टर ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान जिले में मतदाता शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त होकर मतदान कर सके।


बैलट न. 7 चुनाव चिन्ह बल्ला

विनम्र अपील

लड़ेगा कोटपूतली जीतेगा कोटपूतली

सम्मानित क्षेत्रवासियों,

सादर प्रणाम !

आप सबने ही मुझे अपनी जन्मभूमि कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र की सेवा करने का आदेश व आशीर्वाद दिया है। हम सबका एक ही ध्येय है कि हम कोटपूतली को समर्थ, सशक्त व सर्वश्रेष्ठ बनाये जहां भय, भ्रष्टाचार, गुण्डागर्दी, भेदभाव व अपराध का कोई स्थान नहीं हो। मेरे लिए राजनीति कोई व्यापार नही है, मै तो केवल सेवा कार्यों में सुगमता के उद्देश्य से इस क्षेत्र में आया हूँ। मैं विधायक के रुप में मिलने वाले अपने वेतन की एक पाई भी अपने व्यक्तिगत उपयोग में नही लेने, उसे ट्रस्ट के माध्यम से चिकित्सा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में खर्च करने तथा 5 साल के 1826 दिन का हिसाब आप सबको देने का वचन देता हूँ।

आपकी सेवा व किसी भी सहायता के लिए मेरा मोबाईल नं. 9636302010 हर समय उपलब्ध है व हमेशा रहेगा।

सम्मानीय मतदाताओं, चुनाव प्रचार के लिए मुझे जितना भी समय मिला उसमें मेरी कोशिश रही कि आपसे मिलकर आपका आशीर्वाद ले सकूं, पर समय अभाव के कारण मेरा सभी के पास पहुँच पाना सम्भव नही हो पाया। आपने सदैव मुझे अपना बेटा, भाई, मित्र मानकर साथ दिया है और यह चुनाव भी कोटपूतली के सर्व समाज की जनता ही लड़ रही है।

आपसे पुनः हाथ जोड़कर विनती है कि अपने आप को मुकेश मानते हुए बैलेट नं. 07 बल्ले के निशान का बटन दबाकर अपने बेटे को आशीर्वाद प्रदान करें।

7. मुकेश गोयल

कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से सर्व समाज के प्रत्याशी

मुकेश गोयल

आपके सुख-दुःख का साथी

आपके सहयोग, स्नेह एवं आशीर्वाद का आकांक्षी..

को अपना 'मत एवं समर्थन' देकर भारी मतों से विजयी बनावें

P.By:-K. G. Printers Qty. 1000




## टोंक के 235 संवेदनशील बूथों पर तगड़ी सुरक्षा

**टोंक।** विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान इस जिले में कुल 1099 मतदान केन्द्र एवं 11 सहायक मतदान केन्द्र पर जिला पुलिस/आरएसी/ सीआरपीएफ / होमगार्ड का जाप्ता नियोजित किया गया है। विधानसभावार इस जिले में कुल 235 क्रिटीकल बूथों पर सीएपीएफ की कम्पनियों को सुरक्षार्थ नियोजित किया गया है। इसके अतिरिक्त 33 क्यूआरटी टीमों एवं 18 स्ट्राईक फोर्स में भी सीएपीएफ की कम्पनियों को नियोजित किया गया है। प्रत्येक विधानसभा पर 01 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर का विधानसभा सुपरवाईजरी अधिकारी एवं 03 पुलिस सुपरवाईजरी अधिकारी लगाये गये है। कुल 114 पुलिस मोबाईल पार्टी का गठन किया गया है। इस प्रकार प्रत्येक विधानसभा वार कुल 13 फ्लाईंग स्कवाड एवं 13 ही स्टेटिक निगरानी दल का गठन किया गया है। ईवीएम मशीन की सुरक्षार्थ सीएपीएफ की एक कम्पनी का जाप्ता नियोजित किया गया है, जो 03.12.2023 को मतगणना समाप्ति के उपरान्त अग्रिम आदेश तक तैनात रहेगा।

## आएलपी उम्मीदवार के समर्थकों पर जानलेवा हमला

**देवली (नि.स.)।** मतदान दिवस के 2 दिन पहले बीती रात को देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र के आरएलपी प्रत्याशी विक्रम सिंह गुर्जर के समर्थकों पर जानलेवा हमला हुआ, तो वहीं प्रत्याशी डॉ गुर्जर की धर्मपत्नी और बेटे आदित्य की कार पर असामाजिक तत्वों ने हमला किया। यहां असामाजिक तत्वों ने प्रत्याशी गुर्जर की पत्नी की कार के शीशे तोड़ने का प्रयास किया। यह जानकारी आरएलपी प्रत्याशी डॉक्टर विक्रम सिंह गुर्जर ने मीडिया को दी

शुक्रवार को प्रातः मामला यह सामने आया कि आरएलपी एवं उनकी गठबंधन पार्टी (एएसपी) आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओ पर बीती रात को कुछ लोगों ने धारीदार हथियारों से हमला कर दिया। डॉ विक्रम सिंह के समर्थकों पर हुए हमले का मामला दूनी पुलिस थाने में दर्ज हुआ है। इस घटना को लेकर देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी माहौल गर्मा गया। उक्त घटनाओं को अंजाम देने का आरोप कांग्रेस कार्यकर्ताओं लगाया गया है। पुलिस के अनुसार असामाजिक तत्व के हमले से पीडित नरेश कुमार पुत्र बाबूलाल बैरवा निवासी ककोड उनियारा व उसके साथियों से हुई मारपीट का मामला दूनी के पुलिस थाने में दर्ज किया गया है। मतदान दिवस के दो दिन पहले आरएलपी प्रत्याशी की पत्नी, बेटे और समर्थकों पर हुए हमले में जानकारी यह सामने आई की नरेश बैरवा सहित कई समर्थक डॉ गुर्जर के पक्ष में मतदान की अपील करने जनसंपर्क करने गांव-गांव ढाणी के लिए निकले हुए थे। तभी पीड़ित जन जनसंपर्क करने के बाद वापस लौट रहे थे। इसी बीच उपखंड क्षेत्र के बेनपा मोड के समीप कुछ लोगों ने नरेश समेत उसके साथियों की कार को रुकवाया और सभी पर धारीधार हथियारों से हमला कर नरेश इत्यादि को घायल कर दिया। मीडिया को यह जानकारी आरएलपी प्रत्याशी गुर्जर और उनके समर्थकों ने रूबरू हो कर दी। प्रत्याशी डॉ विक्रम ने यह भी बताया कि उनके उक्त पीडित समर्थकों को हमलावरों ने डीजल डालकर जलाने की भी कोशिश की। इस घटना को अंजाम देने के प्रयास में करीब डेट दर्जन लोगों ने घेर कर हमला किया।

## 11 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

**कोटपूतली।** आदर्श सैनी समाज कोटपूतली द्वारा सैनी विकास संस्था (संगठन) के तत्वाधान में कस्बे के ढाणी दीपावाली स्थित शिव मंदिर में देवउठनी एकादशी पर चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन का शुभारम्भ श्री श्री 1008 जानकी नाथ जी व पं. विजय कुमार शास्त्री ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। अध्यक्षता सभापति प्रतिनिधि एड. दुर्गा प्रसाद सैनी ने की। इस अवसर पर गुरूवार प्रातः 8.15 बजे वधू पक्ष थाम पूजन किया गया, 9.15 बजे श्री दुर्गा माता मंदिर बस डिपो नगर परिषद के पास बारात का आगमन हुआ। प्रातः 10.15 बजे गोरवा का आयोजन हुआ। जिसके बाद मंदिर से बारात विवाह लिए रवाना हुई। रिया राठी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी गई। संगठन अध्यक्ष बबलू बबेरवाल ने बताया कि सम्मेलन में 11 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। नव विवाहित जोड़ों को सर्व समाज के लोगों द्वारा आशीर्वाद दिया गया। इस दौरान संयोजक बाबूलाल सैनी, संरक्षक रामजीलाल सैनी, रामस्वरूप सैनी व कोषाध्यक्ष गंगाराम सैनी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।


राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023

आज मतदान दिवस

शनिवार 25 नवम्बर 2023

सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक

अपील
आपका वोट कीमती है...

प्रिय मतदाता,

हम सोचते हैं कि हमारे एक वोट से क्या फर्क पड़ता है ? वैसे भी आज मुझे बहुत काम हैं।

लेकिन आपके एक वोट से फर्क पड़ता है !

आपके एक वोट से लोकतंत्र का फैसला प्रभावित हो सकता है। मतदान आपका अधिकार है और कर्तव्य भी ! ध्यान रहे, आज 25 नवंबर छुट्टी का दिन नहीं हैं, लोकतंत्र का महापर्व है ! आज 25 नवंबर को सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक अपना अमूल्य मत देना ना भूलें ! सशक्त एवं मजबूत लोकतंत्र के साथ शत-प्रतिशत मतदान के लिए हम सभी की सहभागिता आवश्यक है !

घर से निकलकर, प्रसन्न एवं निर्भीक होकर मतदान जरूर करें...

प्रवीण गुप्ता
मुख्य निर्वाचन अधिकारी
राजस्थान

सारे काम छोड़ दो
सबसे पहले वोट दो






वोटर आईडी कार्ड या इनमें से किसी एक फोटोयुक्त पहचान पत्र को दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

| | | |
|---|---|---|
| आधार कार्ड | पैन कार्ड | ड्राईविंग लाइसेंस |
| पासपोर्ट | यूनिक डिसेबिलिटी कार्ड | मनरेगा जॉब कार्ड |
| स्वास्थ्य बीमा कार्ड | पैंशन दस्तावेज | सेवा पहचान पत्र |
| एनपीआर - आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड | फोटोयुक्त पासबुक बैंक/पोस्ट ऑफिस | एमपी/एमएलए/एमएलसी को जारी आईडी कार्ड |

Voter Helpline App

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान
www.ceorajasthan.nic.in

CEORAJASTHAN

राजस्थान संवाद



सूर्य कुमार यादव को अगले छह महीने तक सिर्फ टी20 मैच ही खेलना चाहिये।
-आकाश चोपड़ा

भारतीय टीम के पूर्व सदस्य और कमेंटेटर, टी20 सीरीज के पहले मैच में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले सूर्य कुमार यादव को राय देते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



## सुमन शर्मा

रूस के (मॉस्को) में 17 से 19 नवंबर तक ग्रैपलिंग रेसलिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। इसमें सुमन शर्मा ने सिल्वर मेडल जीता और 64 कैटेगरी में विश्व की दूसरे नंबर की पहलवान बनी और मेडल आने पर पूरे परिवार में उत्साह मनाया एक दूसरे को मिठाई खिलाकर और आतिशबाजी कर जशन मनाया। वहीं ग्रामीणों ने बेटी का घर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। सुमन शर्मा, सुपुत्री रामनिवास शर्मा जयपुर के गांव फतेहपुर बेगस की रहने वाली है। और जैसा कि सुमन ने बताया है की इसी साल रोहतक में नेशनल का आयोजन किया गया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सामी ने एक ओवर में 17 गेंदें फेंककर एक ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

# विमेंस प्रीमियर लीग का ऑक्शन 9 दिस. को

## ▶▶ पिछली बार मंधना थी सबसे महंगी खिलाड़ी ▶▶ गुजरात के पास सबसे ज्यादा 5.95 करोड़ का पर्स

नई दिल्ली, 24 नवंबर। विमेंस प्रीमियर लीग का ऑक्शन 9 दिसंबर को मुंबई में होगा। इसकी सभी 5 टीमों ने अपनी रिटेंशन लिस्ट भी जारी कर दी है। (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) ने शुक्रवार, 24 नवंबर को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी जानकारी दी। मार्च 2023 में टूर्नामेंट का पहला एडिशन खेला गया था। गुजरात जायंट्स ऑक्शन में सबसे ज्यादा पर्स (5.95 करोड़ रुपए) के साथ उतरेगा, जबकि मुंबई इंडियंस के पास पांच फ्रेंचाइजी के बीच सबसे छोटा पर्स (2.1 करोड़ रुपए) होगा। पहले सीजन के ऑक्शन में स्मृति मंधाना सबसे ज्यादा कमाई करने वाली खिलाड़ी बनी थीं। उन्हें 3.4 करोड़ रुपए में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपनी टीम में शामिल किया था। उनके अलावा एशले गार्डनर, नेट साइवर-ब्रंट और बेथ मूनी शामिल थीं, जिन्हें सबसे ज्यादा बोली लगा कर टीम में शामिल किया गया था।

2024 सीजन के लिए पांच टीमों ने 21 विदेशी प्लेयर्स समेत कुल 60 खिलाड़ियों को रिटेन किया है। वहीं कुल 29 खिलाड़ियों को टीमों ने रिलीज किया है। इसमें से गुजरात जायंट्स ने सबसे ज्यादा (11) प्लेयर्स को रिलीज किया। गुजरात जायंट्स पिछले सीजन में आखिरी स्थान पर रहा था।

पहले सीजन में मुंबई इंडियंस विजयी रही और कई कड़े मुकाबलों के बाद खिताब अपने नाम किया। 26 मार्च को खेला गया फाइनल रोमांचक मुकाबला था, जहां मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर तीन गेंद रहते सात विकेट से जीत हासिल की। चैंपियन को मिले थे 6 करोड़ रुपये। फाइनल मुकाबला जीतने वाली मुंबई इंडियंस को विमेंस प्रीमियर लीग का टाइटल जीतने पर 6 करोड़ रुपए की प्राइज मनी इनाम में मिली। दूसरे नंबर पर रही दिल्ली कैपिटल्स को 3 करोड़ और एलिमिनेटर हार कर तीसरे नंबर पर रहने वाली यूपी वॉरियर्ज को एक करोड़ रुपए मिले। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात जायंट्स टीम को बगैर प्राइज मनी के संतोष करना पड़ा।



**दिल्ली कैपिटल्स :** रिटेन किए गए खिलाड़ी: एलीस केप्सी (इंग्लैंड), अरुंधति रेड्डी (भारत), जेमिमा रोड्रिग्ज (भारत), जेस जोनासेन (भारत), लॉरा हैरिस, मारिजन कैप (साउथ अफ्रीका), मेग लेनिंग (ऑस्ट्रेलिया), मिन्नु मानी (भारत), पूनम यादव (भारत), शेफाली वर्मा (भारत), राधा यादव (भारत), शिखा पांडे (भारत), स्नेहा दीप्ति (भारत), तानिया भाटिया (भारत), तितास साधु (भारत)।

**रिलीज किए गए खिलाड़ी :** अपर्णा मंडल (भारत), जसिया अख्तर (भारत), तारा नॉरिस (अमेरिका)।

**गुजरात जायंट्स :** रिटेन किए गए खिलाड़ी : एश्ले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया), बेथ मूनी (ऑस्ट्रेलिया), दयालन हेमलता (भारत), हरलीन देओल (भारत), शबनम शकील (भारत), लॉरा वोल्वार्ट (साउथ अफ्रीका) स्नेह राणा (भारत), तनुजा कंवर (भारत)।

**रिलीज किए गए खिलाड़ी :** एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया), अश्वनी कुमारी (भारत), जॉर्जिया वेयरहम (ऑस्ट्रेलिया), किम गर्थ (ऑस्ट्रेलिया), हर्ले गाला (भारत), मानसी जोशी (भारत), मोनिका पटेल (भारत), पारुनिका सिसोदिया (भारत), सबिनेनी मेघना (भारत), सोफिया डंकली (इंग्लैंड) और सुषमा वर्मा (भारत)।

आर. अश्विन ने किया अपने कप्तान का समर्थन

## रोहित शर्मा को शतक बनाना सिखाने की जरूरत नहीं

नई दिल्ली, 24 नवंबर। टीम इंडिया ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने गुरूवार को अपने कप्तान रोहित शर्मा का समर्थन करते हुए कहा कि उन्हें शतक बनाना सिखाने की जरूरत नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप 2023 फाइनल में आक्रामक शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदलने के लिए रोहित की आलोचना की जा रही है। हालांकि, अश्विन का कहना है कि उनको जो टीम के लिए करना था, वो कर दिया था। वे सेमीफाइनल में भी यही काम करने में सफल हुए थे।

रोहित पूरे टूर्नामेंट के दौरान शानदार लय में थे और भारत ने शीर्ष क्रम में उनके प्रदर्शन की बदौलत ही धमाकेदार शुरूआत की। उन्होंने 125 के शानदार स्ट्राइक रेट से 11 मैच में 597 रन बनाये। रोहित फाइनल में ग्लेन मैक्सवेल को बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में जिस तरह आउट हुए, उसकी कुछ तबकों में आलोचना की जा रही है। उन्होंने 31 गेंद में 47 रन की पारी खेली, जिससे मजबूत नींव बनी, लेकिन टीम इसका फायदा नहीं उठा सकी।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, हर कोई पीछे से कह रहा है कि अगर वह (रोहित) खेलते रहते तो 100 रन बना सकते थे, लेकिन यह उनकी इच्छाशक्ति थी कि टीम इस तरह का खेल दिखा सकी। रोहित शर्मा को शतक बनाना सिखाने की जरूरत नहीं है, वह काफी शतक बना चुके हैं, लेकिन यह जज्बा है जो मायने रखता है। इस अनुभवी ऑफ स्पिनर ने यह भी खुलासा किया कि पिछले रविवार को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के पहले गेंदबाजी करने के फैसले से भी वह हैरान थे, लेकिन साथ ही पैट कमिंस और चयनकर्ता जॉर्ज बेली की अहमदाबाद की पिच बखूबी पढ़ने के लिए प्रशंसा की।

ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल में भारत को कई मोर्चों पर पछाड़कर छठी बार विश्व कप जीता। अश्विन ने गुरूवार को अपने यूट्यूब वीडियो में कहा, ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल में शानदार खेल दिखाया। मैं उनकी रणनीति देखकर हैरान रह गया। ऑस्ट्रेलिया के फैसले से मैं व्यक्तिगत रूप से हैरान हो गया।

## लाबुशेन ने फाइनल की प्लानिंग का किया खुलासा

नई दिल्ली, 24 नवंबर। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने कहा कि भारत के खिलाफ विश्व कप फाइनल के दौरान पैट कमिंस ने जिस तरह की गेंदबाजी की, वैसी गेंदबाजी करते हुए उन्होंने कभी किसी को नहीं देखा। ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल में छह विकेट की जीत से रिकॉर्ड छठा खिताब अपने नाम किया था। कमिंस ने 10 ओवर में दो विकेट झटके, जिसमें उनका इकोनोमी रेट सर्वश्रेष्ठ रहा। उन्होंने विराट कोहली और श्रेयस अय्यर के विकेट लिए जिससे भारतीय टीम 240 रन पर सिमट गई। लाबुशेन ने सेन रेडियो से कहा, मुझे लगता है कि गेंद से वो दिन निश्चित रूप से पैट का सर्वश्रेष्ठ दिन रहा। उन्होंने कहा, मैंने कभी भी ऐसे गेंदबाजी करते हुए किसी को नहीं देखा जैसे कमिंस ने की, उन्होंने सही समय पर सही गेंद फेंकी। मैंने ऐसा मध्य ओवर के गेंदबाज से कभी नहीं देखा, विशेषकर एक तेज गेंदबाज से। इसलिए काफी श्रेय उन्हें जाता है। लाबुशेन ने फाइनल में नाबाद अर्धशतक बनाया था। उन्होंने कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड की रणनीति बनाने की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि टीम विश्लेषक ने योजना बनाकर भारत को दबाव में ला दिया। लाबुशेन ने कहा, रणनीतिक रूप से एंड्रयू मैकडोनाल्ड और हमारे विश्लेषक ने सबसे पहले टॉस का फैसला सही किया और इसके बाद विभिन्न परिस्थितियों में अच्छा करते हुए हमने भारतीय खिलाड़ियों के जल्दी विकेट झटके और फिर उनके गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। उन्होंने कहा, हमारी योजना 30 ओवर में उनके पांच विकेट झटकने की थी और ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने ऐसा ही किया। गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें पैट ने अगुवाई की।

## सेल और रायपुर ने सब जूनियर वर्ग के खेलों में जीत दर्ज की

कोविलपट्टी, 24 नवंबर। प्रथम हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर पुरुष अकादमी चैंपियनशिप 2023 के पांचवें दिन जोन बी में सेल हॉकी अकादमी और स्मार्ट हॉकी अकादमी, रायपुर ने सब जूनियर मुकाबलों में जीत दर्ज की जबकि जूनियर वर्ग में गेम्स एसडीटी हॉकी नीलगिरी हॉकी अकादमी और सेल हॉकी अकादमी ने अपने-अपने मैचों में जीत हासिल की। सब जूनियर वर्ग के पहले मैच में सेल हॉकी अकादमी ने कुड्डालोर हॉकी अकादमी पर 20-0 से जीत दर्ज की। कैथा बिशाल (4, 10, 44, 57) ने चार गोल किए, लाकड़ा संदीप (24, 35, 55), एक्का रंजन पॉल (30, 32, 52) और अरबाज खान (45, 49, 57) ने हैट्रिक बनाई। कुल्लू नेविल (2, 51), मिंज लेल्सन (13, 17) और सलिल किंडो (38, 42) ने ब्रेसिज़ बनाए और एक्का रोहित (50) ने सेल हॉकी अकादमी के लिए अंतिम क्वार्टर में गोल करके खुद को आसान जीत दिलाई। दिन के दूसरे सब जूनियर वर्ग के मैच में स्मार्ट हॉकी अकादमी ने तमिलनाडु हॉकी अकादमी को 9-0 से हराया। दिन के पहले जूनियर वर्ग के मैच में एसडीटी हॉकी नीलगिरी हॉकी अकादमी ने थिरुमालवलावन हॉकी अकादमी को 3-2 से हराया। इसके बाद जूनियर वर्ग के खेल में सेल हॉकी अकादमी ने कुड्डालोर हॉकी अकादमी को 13-0 से हराया।

## लक्ष्मी की थिरूमालवलावन पर रोमांचक जीत, सेल ने तमिलनाडु को हराया

कोविलपट्टी, 24 नवंबर। सब जूनियर वर्ग में गुरुवार को खेले गये मैच लक्ष्मी अम्मल ने थिरुमालवलावन हॉकी अकादमी और सेल ने तमिलनाडु को हराया। आज यहां हुए मुकाबले की शुरुआत में दोनों टीमें गोल रहित समाप्त होने के बाद, कविशक्तिबोस 55वें मिनट में अंतिम क्वार्टर में एक फील्ड गोल करके लक्ष्मी अम्मल स्पोर्ट्स अकादमी को रोमांचक मुकाबले में 1-0 से जीत दिला दी। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में सेल हॉकी अकादमी का विजयी अभियान जारी रखते हुए तमिलनाडु हॉकी अकादमी को हराया। सेल हॉकी अकादमी ने तमिलनाडु हॉकी अकादमी को 12-1 से हराया। संदीप लाकड़ा ने (दूसरे, छठें, 45वें) ने सेल हॉकी अकादमी को शुरुआती बढ़त दिलाई, जिसके बाद हस्ती आनंद ने नौवें, 31 वें, 42वें, सुदीप लाकड़ा ने 33 वें, 47वें, रोहित एक्का 53वें, लेल्सन मिंज ने 54 वें, अरबाज खान ने 55वें, और बिशाल कैथा ने 57वें मिनट में अपनी टीम के लिए गोल दिया। दूसरी ओर थंगागुरु टी 14 वें मिनट ने तमिलनाडु हॉकी अकादमी के लिए सांत्वना गोल किया।

## पूर्व खेल पत्रकार अरुण सेन का निधन

कोलकाता, 24 नवंबर। कोलकाता के वरिष्ठ खेल पत्रकार अरुण सेनगुप्ता का गुरुवार रात निधन हो गया। वह करीब 65 वर्ष के थे। कलकत्ता स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट क्लब ने सेनगुप्ता के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। हुगली जिले के उत्तरपारा में एक निजी नर्सिंग होम में उन्होने अंतिम सांस ली। उनके परिवार में पत्नी, बेटी और दामाद हैं। जर्नलिस्ट क्लब ने अपने एक बयान में कहा गहरे दुख और भारी मन के साथ क्लब आपको वरिष्ठ पत्रकार अरुण के आकस्मिक निधन की सूचना दे रहा है। वह क्लब के पूर्व कार्यकारी परिषद सदस्य थे। अपने 35 वर्ष से अधिक के करियर में, सेनगुप्ता ने आजकल और संगबाद प्रतिदिन जैसे प्रमुख मीडिया घराने के साथ काम किया।

## मैंने कप्तानी का बोझ ड्रेसिंग रूम में छोड़ दिया : सूर्यकुमार



नई दिल्ली, 24 नवंबर। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में कप्तानी कर रहे सूर्यकुमार यादव ने पहले मैच के बाद अपना अनुभव साझा किया है। पांच टी-20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले के बाद उन्होंने कहा, मैंने कप्तानी के बोझ को ड्रेसिंग रूम में छोड़ दिया। मैं अपनी बैटिंग को एन्जॉय करने की कोशिश करता हूं। माहौल शानदार था, फैंस का धन्यवाद। पहले मैच में टीम इंडिया की ओर से कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 80 और ईशान किशन ने 58 रन की पारी खेलीं। आखिरी में रिंकू सिंह ने 14 बॉल पर 22 रन बनाए।

पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में सूर्या ने आगे कहा, लड़कों ने जिस तरह से अपना धैर्य बनाए रखा, वह देखने लायक था। यह स्थिति रिंकू सिंह के लिए तैयार की गई थी। वह शांत और सयमित था, उसने मुझे भी रिलैक्स किया। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला 2 विकेट से जीत लिया।

टीम ने 209 रन का टारगेट 20वें ओवर की आखिरी बॉल में 8 विकेट पर हासिल कर लिया। यह भारत का टी-20 में कंगारुओं के खिलाफ सबसे बड़ा रन चेज है। इससे पहले, सबसे सफल रन चेज 202/4 रन का था, जो भारत ने 2013 में राजकोट में किया था। विशाखापट्टनम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 208 रन बनाए। टीम की ओर से जोश इंग्लिस ने पहला शतक जमाया। उन्होंने 50 बॉल पर 110 रन की पारी खेली। स्टीव स्मिथ (58 रन) ने अर्धशतक जमाया।

## सूर्यकुमार को अगले छह महीने तक बस टी-20 खेलना चाहिए : चोपड़ा

मुबंई, 24 नवंबर। आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले सूर्य कुमार यादव के बारे में भारतीय टीम के पूर्व सदस्य और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा की राय है कि कुमार को अगले छह महीने तक सिर्फ टी20 मैच ही खेलना चाहिये।

भारत ने पहले टी20 आई में भारत को दो विकेट से जीत मिली जिसमें सूर्यकुमार ने 80 रन की पारी खेली। आकाश ने कहा, टी20आई में सूर्यकुमार यादव अलग तरह के खिलाड़ी लगते हैं। उनकी अप्रोच बिल्कुल अलग होती है। वह रूकने वालों में से नहीं लगते। ऐसा क्यों होता है? ऐसा इसीलिए होता है क्योंकि उनका डीएनए इसमें रंग गया है। उन्हें लगता है कि वह प्रारूप की ज़रूरतों को अच्छे से समझते हैं और परिस्थिति के हिसाब से प्लान बनाते हैं। यहां तक कि विरोधी टीम भी उनकी विस्फ़ोटकता से वाकिफ़ हैं और उनके लिए अलग तरह की फ़ील्ड लगाते हैं।

उन्होने कहा मेरे नजरिए में, यह जरूरी नहीं है कि तीनों ही प्रारूपों में खिलाड़ी हिस्सा हों। सूर्या टी20 क्रिकेटर बन सकते हैं। अगले छह महीनों के लिए उनको टी20 क्रिकेट पर छोड़ना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि तीनों प्रारूपों में उन्हें चाहने की वजह से हम एक टी20 रॉकस्टार खो दें।

आकाश ने मुकेश कुमार के अहम 20वें ओवर पर भी बात की। उन्होंने कहा, मुकेश का आखिरी ओवर शानदार था। उन्होंने इस ओवर में केवल पांच ही रन दिए, जिसमें एक नो बॉल भी थी। लेकिन उनकी सटीक यॉर्कर ने बल्लेबाज़ों को बांधे रखा। अगर वह इस ओवर में 15 रन तक दे देते तो भारत को 220 रन चेज़ करने होते और यह और भी मुश्किल हो जाता।

## वनडे विश्वकप में दर्शक संख्या ने बनाये कीर्तिमान

मुबंई, 24 नवंबर। आईसीसी और उसके प्रसारण साझेदार डिज्नी स्टार के अनुसार, भारत में 2023 पुरुष वनडे विश्व कप ने स्टेडियम में उपस्थिति और प्रसारण व्यूअरशिप की संख्या के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। आईसीसी ने कहा कि भारत के मैदानों पर हुए 48 मैचों को सबसे अधिक 1,250,307 दर्शकों ने देखा जिससे ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में 2015 विश्व कप के 1,016,420 दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड टूट गया। डिज़्नी स्टार ने कहा कि टूर्नामेंट के छह हफ्तों में विश्व कप के लिए 51.8 करोड़ ट्ययूनिंग के साथ भारत में रैखिक टेलीविजन दर्शकों की संख्या आधे अरब से अधिक हो गई है। भारत में ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार, टीवी पर कुल ख़पत 422 (अरब मिनट थी, जो इसे अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप बनाती है।

## वाटिका ने अहबाब और रॉयल ने रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब को हराया

नयी दिल्ली, 24 नवंबर। प्लेयर ऑफ द मैच महिप अधिकारी की तिकड़ी की मदद से वाटिका एफसी ने अहबाब एफसी को 7-0 से रौंद कर दूसरी डीएसए प्रीमियर लीग में पूरे अंक अर्जित किए। वहीं शुक्रवार को यहां अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए दिन के दूसरे मैच में रॉयल रेंजर्स ने रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब को शिखर की तिकड़ी से 5-1 से पीटा। पहले हाफ में मुकाबला बराबरी का रहा लेकिन पाला बदलने के बाद रॉयल रेंजर्स ने अपने नाम के अनुरूप प्रदर्शन किया और प्रतिद्वंद्वी टीम पर पूरी तरह पकड़ बना ली। केएस शिखर ने दर्शनीय तिकड़ी जमाई तो थंगमीलीन हाओकीप और आशीष राय ने एक एक गोल बांटे। लेकिन बराबरी की टक्कर के बाद शिखर की तिकड़ी ने रेंजर्स की कमर तोड़ कर रख दी। एक बार बढ़त बनाने के बाद रॉयल रेंजर्स ने रेंजर्स एससी को पूरी तरह रक्षात्मक खेल के लिए मजबूर किया और बेहतर तालमेल से खेलते हुए गोल दागे। पराजित टीम का इकलौता गोल चिनाखो के नाम रहा। पहली लीग के विजेता वाटिका के सामने अहबाब टिक नहीं पाई। विजेता के लिए जाने माने स्ट्राइकर महिप अधिकारी ने तिकड़ी बनाई। प्रांजय सिंह, पियूष भंडारी, नितेश शर्मा और निखिल गहलोत ने एक एक गोल बांटे। आगामी 25 नवंबर को सुदेवा और फ्रेंड्स यूनाइटेड के बीच एकमात्र मैच खेला जाएगा।

## इंग्लैंड के तेज गेंदबाज टोंग कैरेबियाई दौरे से बाहर

लंदन, 24 नवंबर। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोश टोंगू चोट के कारण इंग्लैंड के वेस्टइंडीज दौरे से बाहर हो गये हैं और उनकी जगह वनडे सीरीज के लिए अनुभवहीन दाएं हाथ के मैथ्यू पॉट्स को टीम में शामिल किया गया है।

संयुक्त अरब अमीरात में इंग्लैंड लायंस के साथ प्रशिक्षण शिविर में टोंग को चोट लगी थी। इंग्लैंड वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज और पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगा। पॉट्स ने आखिरी बार तीन वनडे मैच खेले थे और सबसे हालिया मैच आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप से ठीक पहले ब्रिस्टल में आयरलैंड के खिलाफ था।

टोंग ने पहले ही दो टेस्ट मैच खेले हैं, लेकिन अभी तक इंग्लैंड के लिए सफेद गेंद वाले क्रिकेट में पदार्पण नहीं किया है। हाल ही में समाप्त हुए एकदिवसीय विश्व कप टूर्नामेंट में अपने देश की शर्मनाक हार के बाद वह इस दौरे के लिये काफी उत्सुक थे। .इंग्लैंड टीम इस प्रकार है।

**एकदिवसीय टीम:** जोस बटलर (कप्तान), रेहान अहमद, गस एटकिंसन, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, लियाम लिविंगस्टोन, ओली पोप, फिल साल्ट, मैथ्यू पॉट्स, जॉन टर्नर

**टी20 टीम:** जोस बटलर (कप्तान), रेहान अहमद, मोईन अली, गस एटकिंसन, हैरी ब्रूक, सैम कुरेन, बेन डकेट, विल जैक्स, लियाम लिविंगस्टोन, टाइमल मिल्स, आदिल राशिद, फिल साल्ट, जोश टंग, रीस टॉपले, जॉन टर्नर , क्रिस वोक्स

## ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर ने आसान जीत दर्ज की

कोविलपट्टी, 24 नवंबर। ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर और हुबली हॉकी अकादमी ने अपने-अपने जूनियर वर्ग के मुकाबलों में जीत दर्ज की। दिन के पहले जूनियर वर्ग के मुकाबले में ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर ने अश्विनी स्पोर्ट्स अकादमी को 6-0 से हराया। विजेता टीम की ओर से रोहित सिंह इरेंगबाम ने पांचवें, 38वें मिनट में, जबकि विल्सन ज़ाक्सा ने 17 वें, सुरेश शर्मा अधिकारीमयुम ने 30 वें, अभिषेक टोपनो ने 41 वें, और सतीश मुंडा ने 42वें मिनट गोल किए। अश्विनी स्पोर्ट्स अकादमी टीम का कोई भी खिलाड़ी गोल नहीं कर सका। वहीं दिन के दूसरे जूनियर वर्ग मुकाबले में हुबली हॉकी अकादमी ने तमिलनाडु हॉकी अकादमी को 15-1 से हराया। राजू मनोज गायकवाड़ ने दूसरे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल तब्दली कर हुबली हॉकी अकादमी के लिए गोल की शुरुआत की।

## कमिंस के जादू ने भारत को विश्वकप से दूर किया : अश्विन

मुंबई, 24 नवंबर। भारत का विश्वकप जीतने का सपना टूट गया है और इसके लिये भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को जिम्मेदार मानते हैं। अपने नवीनतम यूट्यूब वीडियो 'विश्व कप 2023: ए रिफ्लेक्शन' में अश्विन ने फाइनल मुकाबले में पैट कमिंस की प्रतिभा का विश्लेषण किया और उनके जादू को 'गेम-ब्रेकिंग' घटना के रूप में संदर्भित किया।

टॉस जीतने के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा। यह निर्णय एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कमिंस ने अपने कोटे के पूरे 10 ओवर फेंके और सिर्फ 34 रन दिए। उन्होंने श्रेयस अय्यर (4) और इन-फॉर्म विराट कोहली (54) के दो बड़े विकेट भी लिए। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अपने 10 ओवर पूरे करने वाले सभी गेंदबाजों में कमिंस ने 3.40 के स्ट्राइक रेट पर सबसे किफायती स्पैल फेंका जिसके बाद एडम ज़म्पा (4.40), मिशेल स्टार्क (5.50) और जोश हेज़लवुड (6.00) थे।

अश्विन ने कहा, एकदिवसीय गेंदबाज के रूप में पैट कमिंस विश्व कप में काफी समय से संघर्ष कर रहे थे लेकिन फाइनल तक पहुंचने वाले पिछले 4-5 मैचों में उनकी करीब 50 फीसदी गेंदें कटर थीं। फाइनल में, मुझे नहीं पता कि कितने लोगों ने टीवी पर इसे समझा मगर एक ऑफ स्पिनर की तरह उन्होने गेंदबाजी के दौरान ऑफ साइड पर चार और लेग साइड पर पांच क्षेत्ररक्षक रखे और अपने पूरे 10 ओवर बिना मिड-ऑफ के फेंके।

## विश्वकप के दौरान किया गया अभ्यास काम आया : इशान

विशाखापत्तनम, 24 नवंबर। आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 मुकाबले में कप्तान सूर्य कुमार यादव के साथ शतकीय साझीदारी निभाने वाले इशान किशन ने कहा कि विश्वकप के दौरान नेट पर कड़े अभ्यास का नतीजा है कि वह अपने बल्लेबाजी को निखार सके जो आखिरकार कड़े प्रतिद्वंदी के खिलाफ जीत में मददगार साबित हुआ।

भारत ने गुरुवार को आस्ट्रेलिया को पांच मैचों की टी20 श्रखंला के पहले मैच में दो विकेट से हरा दिया था। मैच के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में इशान ने कहा यह सच है कि मुझे शुरुआती मैचों के बाद विश्व कप में अंतिम एकादश में खेलने का मौका नहीं मिला मगर इस दौरान मैने नेट में कड़ा अभ्यास किया और बल्लेबाजी में की जा रही गल्तियों में सुधार किया। इसका नतीजा है कि आज मै अपने कप्तान के साथ बड़ी साझीदारी बनाने में सफल रहा।

## वैवाहिक बंधन में बंधी एथलीट सुधा सिंह

रायबरेली, 24 नवंबर। एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता एवं पद्मश्री से सम्मानित एथलीट सुधा सिंह गुरुवार को वैवाहिक बंधन में बंध गयीं। 25 जून, 1986 को रायबरेली में जन्मी सुधा सिंह का विवाह लखनऊ के होटल क्लर्क अवध में हुआ। वह रायबरेली आधुनिक रेल डिब्बा कारखाने में यह ओएसडी स्पोर्ट्स के पद पर कार्यरत है। बेहद साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली सुधा सिंह ने अपनी प्रतिभा के बल से खेल की दुनियां में ऊंचा मुकाम हासिल किया है। एथलेटिक्स में कैरियर संवारने के लिए सुधा सिंह ने वर्ष 2003 में स्पोर्टस हास्टल लखनऊ ज्वाइन किया और आगे कदम बढ़ाया। तब से पीछे मुड़कर नहीं देखा। पानी और बाधा को पार करके दौड़ पूरी करने वाले स्टीपल चेज जैसे खेल को खेलने वाली सुधा जीवन की दौड़ में भी किसी रुकावट को अपनी सफलता के आगे नहीं आने दिया। यही वजह है कि 13 साल की मेहनत के बाद उसे पहले कामन वेल्थ गेम्स में मौका मिला, फिर एशियन गेम्स में भागीदारी की। एशियन गेम्स ने तो उसकी किस्मत ही बदल दी।

## खेलों इंडिया पैरा गेम्स में हरियाणा का दल होगा सबसे बड़ा

नई दिल्ली, 24 नवंबर। पहली बार खेलो इंडिया पैरा गेम्स में हरियाणा 242 पैरा एथलीटों का सबसे बड़ा दल मैदान में उतारेगा जबकि राजस्थान के 140 और उत्तर प्रदेश के 125 पैरा एथलीट टूर्नामेंट का हिस्सा बनेंगे। इस बीच भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने शुक्रवार को पहले खेलो इंडिया पैरा गेम्स की मेजबानी के लिए युवा मामले और खेल मंत्रालय की पहल की सराहना की। पीसीआई की अध्यक्ष दीपा मलिक ने कहा मैं बहुत रोमांचित और अभिभूत हूं कि पहली बार खेलो इंडिया पैरा गेम्स इस दिसंबर में नई दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे। यह पहल एक समावेशी खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाती है। मलिक शॉट पुट में पैरालिंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। खेलो इंडिया पैरा गेम्स के पहले संस्करण में 1350 से अधिक पैरा एथलीट दिसंबर में राजधानी में उतरेंगे। हरियाणा अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले 242 पैरा एथलीटों के साथ सबसे बड़ा दल देखेगा, जबकि राजस्थान 140 पैरा एथलीटों का एक मजबूत दल भेजेगा और उत्तर प्रदेश 125 का दल भेजेगा। गुजरात में 100 पैरा एथलीट सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि मेजबान शहर दिल्ली के 97 एथलीट जोर आजमाइश करेंगे। दिलचस्प है कि महिला वर्ग में 442 एथलीट मैदान में उतरेंगे जबकि 885 पुरुष पैरा एथलेटिक्स, पैरा शूटिंग, पैरा तीरंदाजी, पैरा फुटबॉल, पैरा बैडमिंटन, पैरा टेबल टेनिस और पैरा वेट लिफ्टिंग में भाग लेंगे। हाल के हांगझाउ एशियाई पैरा गेम्स के सितारे शीतल देवी, भावना पटेल, एकता भ्याण, नीरज यादव, सिंहराज, मनीष, सोनल, राकेश कुमार, सरिता समेत अन्य के खेलो इंडिया पैरा गेम्स के पहले संस्करण में अपने-अपने राज्यों का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद है।

# जयपुर संभाग की 50 सीटों पर कांटे की टक्कर में फंसी है कांग्रेस

## कहा जा रहा है कि, कांग्रेस 2018 जैसी सफलता नहीं दोहरा पाएगी

- जयपुर जिले में वर्ष 2018 में कांग्रेस ने 19 में से दस सीटें जीती थीं पर इस बार सिर्फ 5 सीटों पर कांग्रेस की स्थिति कुछ ठीक है, शेष पर बहुत कड़ा मुकाबला है और भाजपा भारी पड़ती दिख रही है।
- दौसा जिले में 5 सीटों में चार पर कांग्रेस की हालत खराब है, सिर्फ दौसा शहर में ही हालत कुछ ठीक दिख रही है।
- जयपुर संभाग में झुंझुनूं व सीकर में 2018 में कांग्रेस ने एक तरफा जीत हासिल की थी पर इस बार मुकाबला बराबरी का है।
- अलवर जिले में बागियों के कारण चुनाव नतीजे प्रभावित होते दिख रहे हैं।

जयपुर, 24 नवम्बर (का.प्र.)। जयपुर संभाग झुंझुनू , सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर शहर ,दौसा और अलवर में कुल मिलाकर करीब 50 विधानसभा सीट हैं, जिनमें 2018 में कांग्रेस को भारी सफलता मिली थी। कांग्रेस को यहां 2013 के मुकाबले करीबन 20 सीटों का फायदा हुआ था, और पार्टी ने 31 सीटें जीती थी। वहीं आठ सीटों पर बसपा और निर्दलीय जीते थे और वे भी सरकार के साथ आए थे।

सवाल यह है कि क्या इस बार भी मतदाताओं का मूड वैसा ही है, इन क्षेत्रों में लोगों से चर्चा करने के बाद जो तस्वीर उभर रही है, उससे एक बात तो स्पष्ट है कि कांग्रेस इस बार जयपुर संभाग में वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाएगी। जैसा 2018 में किया था। वहीं कुछ सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला है। कुछ सीटों पर तीसरे उम्मीदवार को मिले वोट भारी उलटफेर कर सकते हैं। यहां तीसरा उम्मीदवार समीकरणों में बदलाव कर सकता है, इसलिए कुछ सीटों पर तीसरे उम्मीदवार को मिलने वाले जीत तय करेंगे।

2018 में झुंझुनू में दो सीट भाजपा, एक बसपा के खाते में गई थी। बाकी 4 सीटों पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी, लेकिन इस बार माहौल बदला हुआ है, यहां 5 सीटों खेतड़ी, उदयपुरवाटी, पिलानी, मंडावा और नवलगढ़ में भाजपा मजबूत नजर आ रही है, वही दो सीटों झुंझुनू और सूरजगढ़ में कांग्रेस आगे है। वर्ष 2018 में सीकर जिले की सभी आठों सीटों पर कांग्रेस ने कब्जा किया था, लेकिन इस बार बराबरी का मुकाबला नज़र आ रहा है। इस बार सीकर जिले की सीकर दातारामगढ़ सीट पर कांग्रेस मजबूत दिख रही है, वही लक्ष्मणगढ़ ,नीम का थाना और फतेहपुर में मुकाबला कांटे का है तथा खंडेला, श्रीमाधोपुर और धोद में भाजपा मजबूत नजर आ रही है।

जयपुर जिले में 19 सीटें हैं। गत चुनाव में कांग्रेस ने 10 सीटें प्राप्त की थी और तीन सीटों पर निर्दलीय जीत कर आए थे भाजपा के खाते में कुल 6 सीटें आई थीं। इस बार जयपुर ग्रामीण की फुलेरा, आमेर और शाहपुरा सीट पर तथा जयपुर शहर की हवा महल और किशनपोल सीट पर कांग्रेस मजबूत नजर आ रही है। वही जयपुर ग्रामीण की चोमू, कोटपूतली, विराटनगर और दूदू सीट पर कड़ा मुकाबला है। चौंमू सीट पर तो आरएलपी उम्मीदवार को मिलने वाले वोट ही हार जीत तय करेंगे। जयपुर शहर की आठ में से तीन सीटों सांगानेर,विद्याधर नगर और बगरू में भाजपा की मजबूत स्थिति दिख रही है। मालवीय नगर, सिविल लाइंस और आदर्श नगर में मुकाबला काफी कड़ा नजर आ है।

दौसा जिले में 2018 में कांग्रेस ने 4 सीटें जीती थीं। एक सीट निर्दलीय के हिस्से में आई थी। इस बार मुकाबला बिल्कुल अलग होता दिख रहा है और दौसा शहर में जहां कांग्रेस मजबूत नज़र आ रही है, वही बाकी चार सीटों बांदीकुई ,महुआ, सिकराय और लालसोट में कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए स्थितियां सहज नहीं लग रही हैं। अलवर जिले में इस बार भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों के बीच में कई जगह तीसरा उम्मीदवार समीकरणों में बदलाव करता दिख रहा है।

रामगढ़ और मुंडावर के अलावा तिजारा में कांग्रेस की स्थिति ठीक है पर राजगढ़ लक्ष्मणगढ़, बहरोड और बानसूर में निर्दलीय उम्मीदवारों ने कांग्रेस के लिए परेशानी खड़ी कर दी है।

मतदान की पूर्व संध्या पर मतदाता ज्यादा मुखर नहीं है फिर भी कई जगहों पर घूमने के बाद जो तस्वीर सामने आई है उससे लगता है कि इस बार कांग्रेस वैसा प्रदर्शन करती नज़र नहीं आ रही है जैसा 2018 में किया था।

## गाजा में इजराइल, हमास के बीच संघर्ष विराम शुरू

गाजा, 24 नवंबर। गाज़ा पट्टी में इज़रायल-हमास युद्ध में चार दिवसीय संघर्ष विराम प्रभावी हो गया है। यह जानकारी न्यूज एजेंसी ए.एफ.पी. ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट दी।

इज़रायल और हमास के बीच लगभग सात सप्ताह चले संघर्ष में पहली राहत की शुरुआत हो गई है। हमास की ओर से महिलाओं और बच्चों सहित 13 बंधकों के समूह को मुक्त करने और संकटग्रस्त गाजा पट्टी में सहायता के प्रवाह को बढ़ाने की उम्मीद है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक संघर्ष विराम सुबह सात बजे (अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार तड़के पांच बजे) शुरू होना था। युद्धविराम के हिस्से के रूप में कुछ फ़िलिस्तीनियों को बाद में इज़रायली जेलों से रिहा किया जाना है।

जानकारी के अनुसार, कतर की मध्यस्थता से शुक्रवार सुबह चार दिवसीय संघर्ष विराम के प्रभावी होने के बाद बड़ी संख्या में विस्थापित लोग गाज़ा में घर लौटने का प्रयास करने लगे जिस पर इजरायली सेना ने उन्हें उत्तरी गाज़ा की ओर जाने से रोका।

उत्तरी गाजा सीमा से बाहर ये विस्थापित फिलिस्तीनी युद्ध विराम की समय सीमा लागू होने के बाद अपने घरों में लौटने का प्रयास कर रहे थे। इज़राइली सेना ने लोगों को चेतावनी दी है कि, उन्हें युद्धग्रस्त क्षेत्र उत्तर गाज़ा में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।


'अल जजीरा' न्यूज चैनल के वीडियो में फिलिस्तीनियों को उत्तरी गाजा पट्टी में बेत लाहिया में अपने घरों में लौटते हुए दिखाया गया है। इज़रायली सेना ने लोगों को रोकने का प्रयास किया।

# टोंक में सचिन पायलट ने घर-घर जाकर दस्तक दी

टोंक, 24 नवम्बर (निस)। टोंक विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सचिन पायलट ने चुनाव प्रचार थमने के बाद घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया और कांग्रेस को विजय बनाने के लिए सभी लोगों से अपील की।

पायलट ने कहा कि मैं चुनाव नहीं लड़ रहा यह चुनाव टोंक की जनता लड़ रही है। कांग्रेस सरकार 7 गारंटी योजनाओं के साथ प्रदेश में फिर से रिपीट हो रही है। कल देर शाम रैगर समाज के सैंकड़ों लोगों ने उपसभापति बजरंगलाल वर्मा, भूपेंद्र आलोरिया, धर्मेंद्र सालोदिया के नेतृत्व में सचिन पायलट के प्रति समर्थन की घोषणा की ओर अल्पसंख्यक समाज के समाजसेवियों ने आबिद कागजी के नेतृत्व में भी बड़ी संख्या में पायलट से मिलकर जीत का भरोसा दिया।

- इस अभियान में वैश्य समाज ने पायलट को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की।
- रैगर समाज, मुस्लिम समाज सेवियों के समूह ने पायलट के प्रति समर्थन जताया।



*चुनाव प्रचार थमने के बाद टोंक विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सचिन पायलट ने घर-घर जाकर -सम्पर्क किया। इस दौरान वैश्य समाज ने पायलट को अपना खुला समर्थन दिया।*

आज सुबह राजेंद्र गोयल के नेतृत्व में वैश्य समाज के सैंकड़ों प्रबुद्ध नागरिकों ने सचिन पायलट से मिलकर खुला समर्थन देने की घोषणा की और जीत का संकल्प लिया। सचिन पायलट ने आज कोर्ट परिसर में वकीलों से भी मुलाकात की तथा अपने लिए समर्थन मांगा और कहा चुनावी वादों को पूरा करने में टोंक शहर में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इसी प्रकार आज दोपहर जिला कांग्रेस कमेटी में भाजपा कार्यकर्ता जमना महावर एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सतवीर गुर्जर ने भी भाजपा का दामन छोड़ कांग्रेस का दामन थाम लिया। उन्होंने सचिन पायलट और जिला अध्यक्ष हरि प्रसाद बैरवा के समक्ष कांग्रेस पार्टी जॉइन कर ली और पायलट के पक्ष में भारी मतों से विजय संकल्प लिया। इस मौके पर कांग्रेस नेता सुनील बंसल, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष शैलेश गुर्जर, हंसराज गाता, आतिफ नकवी, देवनारायण गुर्जर, अरशद, आमिर फारूकी आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कार व बोलेरो की भीषण टक्कर

- भादासर गांव के पास हुए इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई व चार घायल हो गए।
- बताया जाता है कि, बोलेरो में सवार 6 लोग शादी में शामिल होकर लौट रहे थे, जब यह हादसा हुआ।
- घायलों का बीकानेर के पी.बी.एम. अस्पताल में उपचार चल रहा है।

सरदारशहर, 24 नवम्बर (निसं)। तहसील के गांव भादासर के पास गुरुवार देर रात्रि को कार और बोलेरो की भीषण भिड़ंत में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का बीकानेर के पी.बी.एम. अस्पताल में उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार दुलरासर गांव के 6 लोग बारात में डूंगरगढ़ गए हुए थे। देर रात को बोलेरो में सवार होकर आते समय सामने से आ रही एक कार से जबरदस्त टक्कर हो गई। तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 6 लोगों को 108 एंबुलेंस की सहायता से राजकीय अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बीकानेर रैफर कर दिया गया। बीकानेर में इलाज के दौरान दो और लोगों की मौत हो गई।

मृतकों में से चार लोग दुलरासर गांव के हैं और एक यू.पी. का बताया जा रहा है। थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि, गांव दुलरासर के ललित पुत्र श्यामलाल पारीक की शादी थी। जिसकी बारात बीकानेर जिले की डूंगरगढ़ तहसील में गई हुई थी। वापस आते समय बीकानेर रोड पर भादासर के पास आमने -सामने कार व बोलोरो गाड़ी की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। मृतकों में दुलरासर गांव के मुरलीधर पारीक, पुत्र परसाराम पारीक, नोपाराम पारीक पुत्र मालाराम पारीक, मदनलाल पुत्र हरुराम पारीक, भोम सिंह पुत्र मेजरसिंह सहित यू.पी. का रहने वाला एक व्यक्ति शामिल है। दुलरासर गांव के मालाराम, पुत्र मोहनराम, श्रवण पुत्र दुलाराम और उत्तर प्रदेश के रहने वाले दो अन्य घायलों का इलाज बीकानेर के पी.बी.एम. अस्पताल में जारी है। तीन मृतकों के शव सरदारशहर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए, जिन्हें पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। दो मृतकों के शव बीकानेर के पी.बी.एम. अस्पताल की मोर्चरी में रखे हैं। जिनका पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। हादसे के बाद दुलरासर गांव में शादी की खुशियां मातम बदल गईं। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सुरंग में फंसे श्रमिकों को लेकर मोदी संवेदनशील

देहरादून/उत्तरकाशी, 24 नवंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तरकाशी सिलक्यारा टनल में फंसे श्रमिकों के स्वास्थ्य को लेकर भी बेहद संवेदनशील हैं। उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को टनल से बाहर आने पर श्रमिकों के स्वास्थ्य और जरूरत पड़ने पर हॉस्पिटल या घर भेजने की व्यवस्था के निर्देश दिये।

प्रधानमंत्री मोदी रोजाना सिलक्यारा टनल में फंसे 41 श्रमिकों एवं उनके परिजनों के बारे में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को फोन कर अपडेट ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री धामी से बातचीत में शुक्रवार को प्रधानमंत्री ने बचाव कार्य में उत्पन्न होने वाली बाधा और रुकावट के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें अवगत कराया कि न्यू ऑस्ट्रियन टनल मेथड से इस सुरंग का निर्माण किया जा रहा है।

# चीन से एक बार फिर वायरस संक्रमण फैलने का खतरा मंडराया

- हालांकि, भारत सरकार ने संक्रमण फैलने की संभावना नगण्य बताई और कहा कि, उसकी हर स्थिति से निपटने की तैयारी है।
- चीन से नवम्बर के मध्य में बच्चों में निमोनिया जैसा संक्रमण फैलने की खबरें सामने आई हैं।

- श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 नवम्बर। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने माना है कि एच9 एन 2 वायरस के चीन से फैलने की संभावना "कम" है और देश किसी भी तरह की "सार्वजनिक अत्यावश्यकता" के लिए तैयार है।

चीन पिछले कुछ हफ्तों से श्वसन संबंधी एक अज्ञात बीमारी के बढ़ने की समस्या से जूझ रहा है। बीजींग और लिओनिंग प्रांत जैसे देश के उत्तरी भागों में बच्चों में इस बीमारी के केस विशेष तौर पर अधिक पाए गए हैं। स्थानीय खबरों के अनुसार संक्रमित बच्चों में फेफड़ों की सूजन के साथ ही तेज बुखार है। चीन के अधिकारियों ने गत 13 नवम्बर को कहा था कि श्वसन तंत्र की बीमारी में तेजी से वृद्धि होने का कारण लॉकडाउन की बंदिशों में कमी होना है तथा फेफड़ों को संक्रमित करने वाला माइकोप्लाज़्मा निमोनिया इसकी वजह से हो सकता है।

यद्यपि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वायरस के प्रकोप के बाद चीन की सरकार से डेटा उपलब्ध करवाने को कहा है और साथ ही नागरिकों से यह अनुरोध किया है कि वे मास्क पहनने, सोशल डिस्टैंसिंग की पालना करने और अस्वस्थ महसूस करने की स्थिति में घर में ही रहने की जरुरी सावधानियां बरतें। ये उपाय तीन वर्ष तक मौजूद रही कोविड की वैश्विक महामारी की याद दिलाते हैं जिसमें पूरी दुनिया एक तरह से थम गई थी।

संयोगवश, इस नए प्रकोप की "प्रोमैड" ने भी चेतावनी जारी की है। प्रोमैड एक डिज़ीज़ सर्विलांस सिस्टम है जिसने वर्ष 2019 के अन्त में "वुहान" में फैले रहस्यमय संक्रमण के बारे में चेतावनी थी।

भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय ने नए वायरस के चीन से संभावित प्रकोप के मद्देनज़र तैयारियों पर चर्चा के लिए डायरैक्टर जनरल ऑफ हैल्थ सर्विसेस (डी.जी.एच.एस.) की अध्यक्षता में हाल ही एक मीटिंग आयोजित की। मीटिंग में इस बात पर जोर दिया गया कि मानव, पशुपालन और वानिकी सैक्टरों में सतर्कता बढ़ाने और समन्वय तंत्र को मजबूत करने की जरुरत है। मीटिंग में इस तथ्य पर भी गौर किया गया कि कोविड महामारी के बाद देश के हैल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर में उल्लेखनीय मजबूती आई है। वर्ष 2003 की सार्स महामारी और वर्ष 2019 की वैश्विक महामारी कोविड को हल्के में लेने के कारण चीन पहले ही आलोचनाएं झेल चुका है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि चीन को बीमारी के इस प्रकोप पर एक "पारदर्शी तरीके" से नियंत्रित करना चाहिए।

## ड्रिलिंग में बाधा आने से हल्का हुआ बचाव अभियान

सिलक्यारा/देहरादून, 24 नवंबर। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 कार्मिकें को बाहर निकालने के लिए युद्धस्तर पर चल रहा रेस्क्यू ऑपरेशन शुक्रवार शाम भी जारी रहा। इस संबंध में प्रबंध निदेशक महमूद अहमद ने बताया कि, ऑगर मशीन से 45 मीटर के बाद ड्रिलिंग शुरू करते हुए कुल 1.8 तक ड्रिलिंग पूरी कर ली गई थी। इस प्रकार कुल 46.8 से आगे की ड्रिलिंग के बाद धातु के टुकड़े मशीन में फंसने से ड्रिलिंग रोक दी गई थी।

## संजीवनी केस ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गहलोत राजनीति करते हुए केवल जांच को भटकाने का काम कर रहे हैं। जब अशोक गहलोत ने शेखावत की मां समेत पूरे परिवार पर संजीवनी घोटाले में शामिल होने के आरोप लगाए तो शेखावत ने गहलोत के खिलाफ दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट में मानहानि का केस किया है, जिसमें अब तक गहलोत को राहत नहीं मिली है। राजनीतिक कारणों से राजस्थान सरकार इस केस को सीबीआई को सौंप नहीं रही है, जबकि मल्टी स्टेट सोसाइटी होने के कारण इसकी जांच सीबीआई द्वारा नियमित जमा पर प्रतिबंध योजना अधिनियम 2019 के तहत की जानी चाहिए।

# मंडावरी में भाजपा प्रत्याशी पर अज्ञात लोगों ने हमला किया

## भाजपा प्रत्याशी रामनिवास मीणा ने घटना की पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई तथा उनके समर्थकों ने थाने में भारी हंगामा किया

- बताया जाता है कि, चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद जब मीणा अपने समर्थकों के साथ घर-घर जाकर प्रचार कर रहे थे, तब अज्ञात हमलावरों ने मीणा पर हमला कर दिया, उनके वाहन में भी तोड़ फोड़ की।

मंडावरी, 24 नवम्बर (निस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रामविलास मीणा पर मंडावरी थाना क्षेत्र के किशोरपुरा गांव में अज्ञात लोगों ने हमला कर उनके वाहन में तोड़फोड़ की। इसके बाद मीणा के समर्थकों ने थाने में भारी हंगामा कर दिया। गुरुवार शाम 6 बजे चुनाव प्रचार पर रोक लगने के बाद जब भाजपा प्रत्याशी मीणा किशोरपुरा गांव से होकर डोर टू डोर जनसंपर्क कर रहे थे, तब उनकी गाड़ी पर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया व तोड़फोड़ की।

भाजपा प्रत्याशी द्वारा मंडावरी थाने पर मामला दर्ज कराया गया है। थाने में भाजपा प्रत्याशी के समर्थकों ने हमला एवं तोड़फोड़ की घटना के विरोध में जम कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। जिस समय भाजपा प्रत्याशी के समर्थक थाने पर हंगामा कर रहे थे तब एक पुलिसकर्मी ने हंगामे का वीडियो बनाने की कोशिश की जिस पर मीणा समर्थकों व पुलिस के बीच और तेज झड़प हो गई। मीणा समर्थकों द्वारा पुलिस पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए थाने में करीब 3 घंटे से ज्यादा रुक कर विरोध जताया गया। घटना की जानकारी मिलने पर रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम नरेंद्र मीणा एवं अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक रामचंद्र नेहरा एवं डिप्टी एसपी अरविंद कुमार गोयल थाने पहुंचे। पुलिस प्रशासन ने भाजपा प्रत्याशी को समझाया तब जाकर मामला जो रात दस बजे शुरु हुआ था, रात डेढ़ बजे शांत हुआ।

## पायलट की...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

1 दिन पहले टोंक विधायक और कांग्रेस उम्मीदवार सचिन पायलट ने राजस्थान की जनता से अपील करते हुए कहा कि सभी बातों को भुलाकर हम सब लोग मिलकर राजस्थान में नया इतिहास बनाने के लिए कांग्रेस के पक्ष में भारी मतदान करें। सचिन पायलट ने कहा कि मैं राजस्थान के सभी मतदाताओं के साथ, उन क्षेत्रों के मतदाताओं से भी अपील करना चाहता हूं जहां मैं नहीं पहुंच सका। ऐसे में आप सभी मिलकर कांग्रेस के पक्ष में भारी मतदान करें। सचिन पायलट की ओर से की गई इस अपील को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी अपने एक्स हैंडल से रीपोस्ट किया।

## 'विश्व कप ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लगे होर्डिंग्स हटाकर विश्व कप वाले होर्डिंग्स लगा दिए जाते।

उक्त नेता ने अपने फोन पर सुप्रिया को एक पोस्टर की तस्वीर भी दिखाई, जिसमें मोदी ने भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी पहन रखी थी और उनके हाथ में ट्रॉफी और चेहरे पर बड़ी मुस्कुराहट थी दूसरे हाथ से "विक्ट्री" का निशान बना रहे थे।

भाजपा नेता ने आगे कहा कि, भारतीय टीम को देश के कुछ प्रदेशों की राजधानियों में खुली बस में घुमाने का भी प्रस्ताव था, जिसमें जयपुर भी शामिल था। तस्वीर शेयर करने की श्रीनेत की प्रार्थना पर उक्त नेता ने यह कहते हुए इंकार कर दिया कि यह "तस्वीर" कुछ ही लोगों के पास है, मैं फंस जाऊंगा वरना मैं आपको जरूर दे देता। भाजता नेता ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री के साथ भारतीय खिलाड़ियों का जयपुर में रोड शो कराने की भी योजना थी, जिसमें आई.सी.सी. ट्रॉफी भी रखी थी।

रोचक बात यह है कि उक्त नेता ने यह योजना और तस्वीर सुप्रिया श्रीनेत से साझा की और कहा कि यह भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का टॉप सीक्रेट है वे इसके बारे में किसी को भी न बताएं।

# हिण्डौन में विधायक भरोसीलाल पर बदमाशों ने हमला किया

## विधायक की आँख व मुंह पर चोट आई, घटना का ब्यौरा देते हुए भरोसी लाल जाटव रो पड़े

- कांग्रेस सरकार में मंत्री भरोसी लाल के पुत्र बृजेश जाटव हिण्डौन से बसपा के प्रत्याशी हैं।
- बताया जाता है कि, बदमाशों ने स्वागत करने के नाम पर गाड़ी रूकवाई, जैसे ही भरोसी लाल जाटव गाड़ी से उतरे तो उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।
- भरोसी लाल ने आरोप लगाया कि, हमलावर कांग्रेस प्रत्याशी अनीता जाटव के पक्ष में नारे लगा रहे थे।

हिण्डौन सिटी, (कासं)। हिण्डौन विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं पूर्व मंत्री भरोसी लाल जाटव पर कुछ अज्ञात बदमाशों ने हमला कर घायल कर दिया। घटना की जानकारी देते समय विधायक भरोसी लाल जाटव मीडिया के सामने रो पड़े, लोगों ने उन्हें ढ ाढ स बंधाया। घटना को लेकर स्थानीय जनता व विधायक के समर्थकों में रोष व्याप्त है। ज्ञात रहे कि विधायक भरोसी लाल जाटव के पुत्र बृजेश जाटव हिण्डौन विधानसभा क्षेत्र से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, हिण्डौन विधायक भरोसी लाल जाटव अपने पुत्र बृजेश जाटव के लिए चुनाव प्रचार कर गुरुवार शाम को कुढावल गांव से वापस लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि, रास्ते में कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी को स्वागत करने के नाम पर रोका। वे जैसे ही गाड़ी से उतरे कुछ लोगों ने उनके साथ धक्का मुक्की की तथा सड़क पर गिरा दिया। जिससे उनकी आंख व मुंह पर चोट आई। विधायक भरोसी लाल जाटव बीमारी के कारण बोल नहीं सकते इसलिए उन्होंने कागज पर लिखकर बताया कि, आरोपी कांग्रेस प्रत्याशी अनीता जाटव के नारे लगा रहे थे। घटना के तुरंत बाद विधायक के सुरक्षाकर्मी ने उन्हें सड़क से उठाकर गाड़ी में बैठाया और सुरक्षित घर लेकर आए। मामले में अभी विधायक की ओर से कोई प्राथमिक दर्ज नहीं कराई गई है।

शुक्रवार को समर्थकों के साथ घटनाक्रम की पूरी जानकारी मीडिया को देते समय भरोसी लाल फूट-फूट कर रो पड़े। वहां उपस्थित लोगों ने विधायक पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि, लोकतंत्र में सभी को चुनाव लड़ने का अधिकार है।

इस घटना को लेकर बसपा प्रत्याशी व विधायक भरोसी लाल जाटव के पुत्र बृजेश जाटव ने कहा कि, उनके पिता पर कायरतापूर्ण हमला किया गया है इससे वह डरेंगे और घबराएंगे नहीं। जनता उनके साथ है। उन्होंने यह भी बताया कि, गत रात्रि को ही जब वे करसौली गांव में चुनाव प्रचार के लिए गए थे तब वहां भी कुछ उपद्रवी लोगों ने उनके साथ अभद्रता की और पथराव करने का प्रयास किया।

## ...ताकि अपाहिजों के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

"इम्प्रेशन" नहीं छोड़ना चाहता था कि, फ्रांस के वेटर ईमानदार नहीं चोर हैं, और चेंज लेकर भाग जाते हैं।" अमेरिकी टूरिस्ट ने भी जवाब दिया, "मैंने तुम्हारे ऊपर पैमैन्ट लेने के लिये दबाव डाला, क्योंकि दो स्टॉप के बाद मुझे भी उतरना था, मैं यह "इम्प्रैशन" नहीं छोड़ना चाहता था कि, अमेरिकी टूरिस्ट बड़ी चालाकी से बिना पेमैन्ट किये वाइन पी गया और फिर ट्रेन से उतर गया। मैं अपने देश के टूरिस्ट की छवि, फ्रांस के वेटर के सामने कतई नहीं गिरने देना चाहता था।"

मु.मंत्री गहलोत ने जितनी भी "रियायतें" चुनाव की पूर्व संध्या पर जनता में बांटी, वो सिद्धांत रूप से पूर्णतया खरी हैं, बड़ी लोकलुभावन हैं, सिद्धांत रूप से उनमें कमी नहीं निकाली जा सकती। गरीब की, दलित की, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग की मदद करने का नारा कभी विवादित नहीं हो सकता। पर, अगर नारों का मकसद केवल चुनाव में वोट बटोरना ही है, जैसा लग रहा है, तो यह दलित, गरीब वर्ग की कमजोर स्थिति का उपहास ही है। ये "योजनाएं" बहुत देर से शुरू हुईं, सरकार के जाने के समय से कुछ महीनों पहले। बजट का प्रावधान पैसे का इंतजाम कहां है, क्योंकि सचिवालय में चर्चा है कि, अगले माह की तनख्वाह भी देर से मिली सरकारी कर्मचारियों को, क्योंकि वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है।

बहरहाल, अगर जनता का विश्वास सरकार के वादों पर, उसके नारों पर से उठ गया तो, अक्षुण्ण हानि होगी, क्योंकि नारे व सोच पवित्र हैं उनका क्रियान्वयन कमजोर व लचर है।

# चिरंजीवी योजना का पैकेज चाहे...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आई थी। परन्तु सरकार और प्राईवेट अस्पतालों के बीच अविश्वास के कारण ही आर.टी.एच. के खिलाफ डॉक्टरों ने रैली निकली थी और फल स्वरूप राज्य सरकार ने इस अधिनियम को लागू करने के लिए बजट आज की तारीख तक भी तय नहीं किया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के बड़े शहरों में बने मल्टी-स्पैशलिटी अस्पतालों में सरकारी योजनाओं की दरों और भुगतान से संबंधित मुद्दों के कारण ही पूरी तरह लागू नहीं किया जा रहा है। बल्कि छोटे शहरों में भी बने अस्पताल चिरंजीवी की अव्यवहारिक दरों से परेशान हैं। करौली जिले में बने एस.आर. अस्पताल के डॉ. जे.पी. गुप्ता ने कहा कि चिरंजीवी के तहत 'जनरल मैडिसिन' और 'पीडिएटरिक मैडिसिन' के पैकेजों की दरें बहुत ही अव्यवारिक है। उन्होंने बताया कि 24 घंटे भर्ती रहे मरीज़ के लिए अस्पताल को केवल 1800 रूपये मिलते हैं, "पिछले वर्ष तक यह दर 1000 रूपये थी।" उन्होंने कहा कि इन दरों पर कोई प्राईवेट अस्पताल कार्य नहीं कर सकता।

उल्लेखनीय है कि चुनावी वर्ष के दबाव और आर.टी.एच. के खिलाफ हुई डॉक्टरों की रैली की शर्मिंदगी को देखते हुए राज्य सरकार ने चिरंजीवी योजना के तहत कई मेडिकल पैकेजों की दरों में बदलाव किया और उनका भुगतान भी समय पर शुरु किया। फलस्वरुप वर्ष 2022-23 में प्राईवेट अस्पतालों को 1146 करोड़ रुपए के 'क्लेम' का भुगतान किया गया।

डॉ. जे.पी. गुप्ता ने बताया कि चिरंजीवी के अन्तर्गत पिछले केवल 4-6 महीनों में कई पैकेजों की दरें बदली गई है, जिनमें से ज्यादातर "कॉमप्लीकेटिकड सर्जरी" से संबंधित पैकेज हैं। इसलिए बडे शहरों में अस्पताल अब चिरंजीवी योजना के तहत मरीजों को भर्ती करने लगे है, परन्तु यह स्थिति भी आदर्श स्थित नहीं है। उन्होंने कहा कि चिरंजीवी योजना के अन्तर्गत किसी भी मेडिकल पैकेज का कुल खर्च 25 लाख रूपये नहीं होता है इसलिए शायद प्रदेश में किसी भी लाभार्थी पर 25 लाख रूपये खर्च नहीं हुए है। उन्होंने कहा कि सरकार ने दरें तय करने से पहले, "नॉन-मैडिकोज़" या सरकारी अफ़सरों से ही सुलह मशवरा किया होगा, बजाए डॉक्टर्स से।

## शिव कुमार के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

डिवीजन बैंच में कहा कि वह अपील पर दो सप्ताह के भीतर अपना निर्णय दे। अब इसी अपील पर आगामी 29 नवम्बर को सुनवाई होगी।

इस बीच कर्नाटक सरकार ने सी.बी.आई. को दी गई अनुमति को वापस लेने का कदम उठा दिया है।

कर्नाटक के विधि एवं संसदीय कार्यमंत्री एच.के. पाटिल ने कहा कि सरकार ने सी.बी.आई. को केस हैण्डओवर ना करने का निर्णय लेने से पूर्व तत्कालीन एवं वर्तमान महाधिवक्ता की राय भी ली।

पाटिल ने कहा कि "मंत्रिमण्डलीय निर्णय के बाद अगले कुछ दिनों में प्रशासनिक स्वीकृति भी दे दी जाएगी।" यह पूछे जाने पर कि क्या यह पक्षपात नहीं है, पाटिल ने कहा कि कानूनी पहलू का ध्यान रखा गया है और हमने नियम कायदों का ही अनुसरण किया है।

आयकर विभाग व प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अलग-अलग जांच किए जाने के बाद सी.बी.आई. ने प्रिवैन्शन ऑफ करप्शन (पी.सी.) के तहत शिवकुमार के विरुद्ध केस दायर किया था। राज्य सरकार ने शिवकुमार के विरुद्ध अभियोजन की कार्यवाही शुरु कर दी थी, जिसे बाद में सी.बी.आई. के सुपुर्द कर दिया गया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908